जबलपुर
गुरुवार, 1 फरवरी 2024
- माघ मास कृष्ण पक्ष-7
- वर्ष : 18, अंक : 269
- पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 25
न्यून.14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### समय से पहले खिला 'बुरांश' का फूल... वैज्ञानिक हैरान



**नैनीताल।** उत्तराखंड में बुरांश का फूल समय से पहले खिलने लगा है। जनवरी महीने में बुरांश का खिलना इसलिए भी हैरत में डाल रहा है।




## ईडी दाग रही थी सीएम सोरेन पर सवाल...उनके जवाबों से जांच एजेंसी संतुष्ट नहीं थी

# 6 घंटे की पूछताछ के बाद सीएम हेमंत गिरफ्तार चंपई नेता चुने गए, झारखंड के नए सीएम होंगे

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ रांची**



आखिरकार, जो तय था वही हुआ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम हेमंत सोरेन को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। दोपहर 1 बजे से उनसे जांच एजेंसी दनादन सवाल कर रही थी। पर, वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे थे। सोरेन ने रात में ही राजभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपा।

*जेएमएम में फूट....18 विधायक कल्पना को सीएम बनाने को राजी नहीं थे*

*मुख्यमंत्री आवास और राजभवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई, पूरे शहर में 2000 जवानों की तैनाती की गई*



### सोरेन ने ईडी पर ही दर्ज करवा दी एफआईआर

### कहा-मुझे व मेरे समुदाय को परेशान कर रही एजेंसी

इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। हेमंत सोरेन ने कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल और अन्य ईडी के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दी थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि इन अधिकारियों ने 30 जनवरी को दिल्ली स्थिति आवास पर छापेमारी की थी। इसके जरिए मुझे और मेरे पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने की कोशिश की गई। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि 27 और 28 जनवरी को मैं दिल्ली के दौरे पर था। इस दौरान मैं दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन, जिसे झारखंड राज्य द्वारा निवास और ऑफिस यूज के लिए लीज पर लिया गया है, मैं उसमें रुका था। मुझे पता चला कि इन अधिकारियों ने मेरे आधिकारिक आवास पर तलाशी ली थी।

**बड़ा सवाल...क्या अब दिल्ली के सीएम का नंबर?**

### केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी ने भेजा 5वां समन, 2 दिन का ही वक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर




तलब किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को पांचवां समन भेजा है। केजरीवाल को 2 फरवरी को ईडी मुख्यालय में पेश होने को कहा गया है। ऐसे में केजरीवाल के पास इस बात पर विचार के लिए दो ही दिन का टाइम बचा है कि वह इस बार जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे या नहीं?

## खबर संक्षेप

### सेंगोल के साथ सदन में आईं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छह घोड़ों की बग्गी में सवार होकर अपने अंगरक्षकों के साथ संसद



भवन पहुंचीं। पारंपरिक वेशभूषा पहने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने सेंगोल का नेतृत्व किया। उनके साथ सभी लोकसभा कक्ष की ओर बढ़े। सदन में मौजूद सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

### पेटीएम बैंक में डिपॉजिट ट्रांजेक्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर फरवरी के बाद



किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फॉस्टैगस में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगा दिया। रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई एक व्यापक सिस्टम ऑडिट रिपोर्ट के बाद की है।

### इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल, हुई नारेबाजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से देवघर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। फ्लाइट



कैंसिल होने की सूचना मिलते ही पैसेंजर्स ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो सका है कि फ्लाइट को किस वजह से कैंसिल किया गया है। इस घटना के बाद का वीडियो भी सामने आया है।

**बेबस अभिभावक गिड़गिड़ाते रहे**

## ग्वालियर में माता-पिता के सामने नाबालिग से गैंगरेप

### कट्टा तानकर दिया वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर**



ग्वालियर में 15 साल की लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। तीन आरोपियों ने बारी-बारी मां और पिता के सिर पर कट्टा अड़ाकर उनके सामने ही बेटी के साथ रेप किया। बेबस माता-पिता गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन आरोपियों ने लड़की को नहीं छोड़ा। घटना भंवरपुरा थाना इलाके में एक गांव में सोमवार देर रात की है।

बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई। परिवार आरोपियों को नहीं पहचानता। उसका कहना है कि अगर आरोपी सामने आएंगे तो वे पहचान लेंगे। एएसपी गजेंद्र वर्धमान सिंह का कहना है कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।पीड़ित परिवार मूल रूप से शिवपुरी जिले का रहने वाला है। परिजन के मुताबिक, सोमवार देर रात 1 बजे लड़की अपने 10 साल के भाई को टॉयलेट कराने के लिए घर के बाहर बने बाथरूम ले जा रही थी। इसी बीच तीन बदमाश आए और दोनों भाई-बहन को पकड़ लिया।

**बैंक घोटाले को लेकर पूछताछ**

## भूमाफिया चंपू के ठिकानों पर ईडी टीम ने मारा छापा

### ईडी ने 100 करोड़ से ज्यादा के बैंक घोटाले को लेकर सर्चिंग की

### कैलाश गर्ग के यहां भी टीम पहुंची

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**



कई लोगों को प्लॉट के नाम पर ठगने वाले भूमाफिया चंपू अजमेरा के ठिकानों पर बुधवार को ईडी ने छापा मारा। चंपू के चार ठिकानों पर सुबह से सर्चिंग ईडी अफसरों ने शुरू की।

पहले भी ईडी भूमाफिया के घर से दस्तावेज जब्त कर चुकी है। भूमाफिया चंपू पर बाणगंगा, लसूडिया, तेजाजी नगर और तुकोगंज में धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। मामले कोर्ट में चल रहे है। इस बार ईडी ने 100 करोड़ से ज्यादा के बैंक घोटाले को लेकर सर्चिंग की है। चंपू के अलावा अंबिका साल्वेक्स के कर्ताधर्ता कैलाश गर्ग के यहां भी टीम पहुंची है। दस से ज्यादा प्रकरण दर्ज होने के बावजूद चंपू जमानत पर जेल से बाहर है। सुबह जब ईडी की टीम चंपू के पालीवाल नगर स्थित निवास पर पहुंची ।

**ज्ञानवापी केस : वाराणसी जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया**

# हिंदुओं को मिला पूजा का अधिकार व्यास जी तहखाने में होगी अब पूजा

### 1993 से व्यास जी तहखाना बंद पड़ा था



**एजेंसी ⏭ वाराणसी**

काशी ज्ञानवापी से जुड़े अलग-अलग मामलों की सुनवाई वाराणसी जिला न्यायालय में लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को ज्ञानवापी परिसर से जुड़े सोमनाथ व्यास जी के तहखाने में नियमित पूजा-पाठ को लेकर वाराणसी जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने व्यास जी तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने का अधिकार दे दिया है। कोर्ट ने साथ में यह भी निर्देश दिया है कि 7 दिन के भीतर वहां पूजा कराने की व्यवस्था की जाए।

**कोर्ट का निर्देश - 7 दिन के भीतर वहां पूजा कराने की व्यवस्था की जाए**

*हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने इस मामले को लेकर अपनी-अपनी दलीलें पेश की थी*

*मुस्लिम पक्ष बोला- एएसआई की रिपोर्ट में कहीं जिक्र नहीं, हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे, हिंदू पक्ष भी हाईकोर्ट में दाखिल करेगा कैविएट*

करीब तीन महीने तक आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे के दौरान तहखाने में साफ-सफाई हुई थी।



### नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति

हिंदू पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि वह रिसीवर को नियुक्त करे जो तहखाने में पूजारी द्वारा पूजा किया जाना नियंत्रित करे और उसका प्रबंध करे। न्यायालय में 17 जनवरी 2024 को पारित एक आदेश में रिसीवर की नियुक्ति तो कर दी लेकिन तहखाने में पूजा-अर्चना के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया। ह

**उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को नोटिस जारी किया**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी,।

**क्या है व्यास तहखाना?**

**भगवान नंदी की मूर्ति के ठीक सामने ये तहखाना**

*व्यास तहखाना ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर स्थित है। भगवान नंदी की मूर्ति के ठीक सामने ये तहखाना है। ज्ञानवापी के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद है। इस तहखाने में 1993 तक पूजा होती थी।*

**ज्ञानवापी मामले में फैसला मील का पत्थर साबित होगा**

**भोपाल।** मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने ज्ञानवापी मामले में आए फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि ज्ञानवापी मामले में आया फैसला एक तरह से मील का पत्थर साबित होगा। एएसआई की रिपोर्ट एक तथ्यात्मक रिपोर्ट है।

### थाने को परिजनों ने घेरा, कमिश्नर बोले न्यायिक जांच होगी

## परिजनों का आरोप: पुलिस 'कस्टडी' में युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

कोलार इलाके में रहने वाले युवक की पुलिस हिरासत में इलाज के दौरान में मौत के बाद हंगामा हो गया। उसे सोमवार शाम पुलिस घर से ले गई थी।

तीन घंटे बाद परिजनों को एंबुलेंस के चालक ने उसकी गंभीर हालत की जानकारी दी। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने कोलार थाने का घेराव कर चक्काजाम करने की कोशिश की। वहीं, पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा ने कहा कि केस की न्यायिक जांच कराई जा रही है।

**विवाद की सूचना पर वाटर कैनन और वज्र के साथ बल तैनात, पीएम की वीडियोग्राफी कराई**



**चंबल संभाग में रेत खनन माफिया की करतूत**

## एसआई पर हमला कर सिर फोड़ा कलेक्टर से लोगों ने की शिकायत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड**

चंबल संभाग के जिले भिंड में शासन - प्रशासन को चैलेंज देते हुए रेत का अवैध खनन शुरू किया गया। यहां इंदुर्खी खदान पर सिंध नदी से अवैध तरीके से रेत निकाली जा रही है। यह इलाका रौन थाना क्षेत्र में आता है। स्थानीय लोगों ने वीडियो के साथ कलेक्टर ऑफिस में शिकायत की है। वीडियो में माफिया और गुर्गे बंदूकों के साथ खदान पर नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जानकारी प्रशासन को है, लेकिन एक्शन नहीं लिया जा रहा है। उधर, मंगलवार शाम रेत का अवैध परिवहन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने पहुंची मछंड चौकी पुलिस टीम पर रेत माफिया ने हमला कर दिया। चौकी प्रभारी एसआई कमलकांत दुबे के सिर में चोट आई है। भिंड जिले के इंदुर्खी गांव में निकली सिंध नदी की रेत बिल्डिंग निर्माण के लिए अच्छी मानी जाती है। इस रेत खदान का पिछले दो साल से टेंडर नहीं हुआ है, लेकिन खदान बंद नहीं हुई। चोरी-छिपे माफिया यहां से रेत निकालकर बेचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि माफिया को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। मप्र भाजपा ने बुधवार सुबह अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा गया, 'सुशासन की सरकार में खनन माफियाओं की खैर नहीं। भाजपा सरकार में एआई तकनीक से मध्यप्रदेश में अवैध खनन पर लगाम लगाई जाएगी।

**तमिलनाडु के मंदिरों में गैर हिंदुओं के प्रवेश को लेकर मद्रास हाईकोर्ट के अहम निर्देश**

### अगर कोई गैर-हिंदू मंदिर में विशेष भगवान के दर्शन का दावा करता है, तो उत्तरदाताओं को उस शख्स से वचन लेना होगा कि वह हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करेगा

# मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, ध्वजस्तंभ क्षेत्र से मंदिर में आगे जाने की इजाजत नहीं

**एजेंसी ⏭ चेन्नई**

मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर निर्देश दिए। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के हिंदू धर्म और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग को सभी हिंदू मंदिरों में बोर्ड लगाने का आदेश दिया है।डी. सेंथिल की याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रही थी। कोर्ट की मदुरै पीठ की न्यायमूर्ति एस श्रीमति इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, मंदिर में मौजूद बोर्ड में लिखा हो कि मंदिर में 'कोडिमारम' (ध्वजस्तंभ) क्षेत्र से आगे जाने की इजाजत नहीं है।

*डी. सेंथिल की याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रही थी। कोर्ट की मदुरै पीठ की न्यायमूर्ति एस श्रीमति ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मंदिर में मौजूद बोर्ड में लिखा हो कि मंदिर में कोडिमारम (ध्वजस्तंभ) क्षेत्र से आगे जाने की इजाजत नहीं है।*

**सेंथिल कुमार ने कोर्ट में दायर की थी याचिका**




बता दें कि याचिकाकर्ता सेंथिल कुमार ने प्रतिवादियों को अरुल्मिगु पलानी धनदायुतपानी स्वामी मंदिर और उसके उप मंदिरों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की अनुमति का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

**कोर्ट ने कहा- मंदिर में हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों का पालन करना जरूरी**

अदालत ने आगे उत्तरदाताओं को निर्देश दिया कि मंदिर में उन गैर-हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश की इजाजत न दें जो, हिंदू धर्म में विश्वास नहीं रखते हैं। अगर कोई गैर-हिंदू मंदिर में विशेष भगवान के दर्शन का दावा करता है, तो उत्तरदाताओं को उस शख्स से वचन लेना होगा।

संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण

# अमृत काल में निर्मित यह भवन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार

10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

## युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब के साथ ही राम मंदिर का किया जिक्र



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों के साथ बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया।

इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई। केवल इतना ही नहीं राष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए।

**खास बातें**

- नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई
- अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए



### 140 करोड़ देशवासियों का सपना हो रहा पूरा

राष्ट्रपति ने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरुआत में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए कहा, मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा कर रही है।

### 370 हटाने को लेकर शंकाएं अब इतिहास

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। 3दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के लिए सदस्यों की सराहना की।

**जी-20 सम्मेलन की सफलता पूरे विश्व ने**

### चंद्रयान और सूर्ययान ने बना डाला विश्व रिकॉर्ड

राष्ट्रपति ने भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से

### केवल नारा नहीं, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों - युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब- पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### युवा शक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए नए कदम उठाए गए

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार, भारत की युवाशक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई और उसे तेजी से लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा पर बल दिया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून जैसे विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में प्रारंभ कर दी गई है।

### 10 वर्षों में सरकार की बड़ी उपलब्धियां

राष्ट्रपति ने पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है।

### राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी

राष्ट्रपति ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्य कार्य किए जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है।यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

### बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में मची है उथल-पुथल

राष्ट्रपति ने कहा कि बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं। इस कठिन दौर में, मेरी सरकार ने भारत को विश्व-मित्र के रूप में स्थापित किया है।

अय्यर की बेटी को आरडब्ल्यूए का नोटिस

## सनातन पर की चोट, माफी मांगों या सोसाइटी छोड़ दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के खिलाफ में बयानबाजी करना और अनशन रखना कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी को महंगा पड़ गया।

सुरन्या अय्यर जिस सोसाइटी में रहती हैं, वहां से उन्हें निकलने को कहा गया है। दरअसल, सुरन्या ने राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के विरोध में 3 दिन का अनशन किया था और आरोप है कि उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसकी वजह से बेटी के खिलाफ जंगपुरा स्थित उनकी सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने एक्शन लिया है। आरडब्ल्यूए ने नोटिस जारी कर सुरन्या अय्यर को पत्र लिखकर माफी मांगने को कहा है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि दोनों या तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, नहीं तो सोसाइटी छोड़कर चले जाएं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र)**

(तामिया रोड वार्ड क्रमांक- 03 जुन्नारदेव पिनकोड - 480551

Phone (07160) 231007 ULB CODE-802380 Emailid-comjunardev.mpurban.gov.in

क्रमांक/169/न.पा. / लोनिशा/2024 जुन्नारदेव, दिनांक 29/01/2024

**// निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mpternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023_UAD _289172_3 | वार्ड क्रमांक 02 में आरसीसीनाली निर्माण कार्य सूरज विश्वकर्मा के घर से इन्द्रकुमार विश्वकर्मा के घर तक। 3rd Call | 1,19,632.00/- | 2400.00 1000.00 | 17-02-2024 |
| 2 | 2023_UAD _289176_3 | वार्ड क्रमांक 11 में पेवर ब्लाक स्थापना कार्य पीपल वृक्ष के सामने। 3rd Call | 6,83,329.00/- | 6900.00 2000.00 | 17-02-2024 |
| 3 | 2023_UAD _289177_3 | वार्ड क्रमांक 12 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य तनवीर खान से विनय जैस्वाल तक। 3rd Call | 3,36,923.00/- | 3400.00 2000.00 | 17-02-2024 |
| 4 | 2023_UAD _289178_3 | वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड निर्माण कार्य महेश कहार के घर से रवि इवनाती के घर तक। 3rd Call | 6,38,265.00/- | 6400.00 2000.00 | 17-02-2024 |
| 5 | 2023_UAD _289211_3 | वार्ड क्रमांक 12 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य डोंगरे के घर से नाले तक। 3rd Call | 1,72,012.00/- | 3500.00 1000.00 | 17-02-2024 |
| 6 | 2023_UAD _309030_2 | वार्ड क्रमांक 03 में पुलिस थाना के सामने शौचालय मरम्मत एवं विस्तार कार्य। 2nd Call | 3,85,000.00/- | 3900.00 2000.00 | 17-02-2024 |

शर्तें - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mpternders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव पालिका परिषद जुन्नारदेव**






युवाओं के सपने साकार करती
मध्यप्रदेश सरकार
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
" प्रदेश में रोज़गार के अवसर बढ़ें, अधिक से अधिक उद्योग यहां स्थापित हों। प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो, हम सुशासन और सुव्यवस्थाओं को स्थापित करें, प्रदेश सरकार का यही संकल्प है। "
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
रोज़गार दिवस
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री द्वारा
7 लाख युवाओं को
₹5 हजार करोड़
का स्वरोज़गार ऋण
वितरण
अब तक 57 लाख से अधिक युवाओं को
₹40 हजार करोड़ का ऋण वितरित
D-11189/23
45.89 लाख बहनों को
₹450 में
गैस सिलेंडर रीफिल योजना में
₹118 करोड़ की
अनुदान राशि का अंतरण
ग्वालियर-अहमदाबाद के मध्य
अकासा एयर उड़ान
का वर्चुअल माध्यम से
शुभारंभ
कृषि मेला
एवं
विकास कार्यों का
लोकार्पण और भूमिपूजन
1 फरवरी, 2024 – अपराह्न 2:30 बजे – कृषि उपज मंडी प्रांगण, मुरैना, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

चिंतन

# अभिभाषण में देश की सुनहरी आर्थिक तस्वीर

राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र का आगाज हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार की सुनहरी आर्थिक तस्वीर पेश की है, सरकार की उपलब्धियों का बखान किया है। परिपाटी भी यही रही है। इस अभिभाषण में देश के सामने उपस्थित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व सामरिक चुनौतियों को लेकर कोई खास जिक्र नहीं है और भविष्य के लिए भी स्पष्ट रोडमैप नहीं है। हमें अंतरिम बजट का ही इंतजार करना होगा जो आज आने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बताई गईं उपलब्धियों को देखें तो ये सभी बातें हाल में सरकार की ओर से समय-समय पर कही गई हैं। इस अभिभाषण में राम मंदिर के अलावा आर्थिक बिंदुओं का अधिक जिक्र है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, राम मंदिर निर्माण से 'सदियों की आकांक्षा' पूरी हुई है। अभिभाषण में महिला आरक्षण कानून बनने सहित सरकार के विभिन्न कार्यों का लेखाजोखा दिया गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद स्पष्ट बहुमत की मोदी सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' (सुधार, कार्य प्रदर्शन और बदलाव) की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मज़बूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब (ज्ञान)। अंतरिम बजट के भी इन्ही चार स्तंभ पर केंद्रित रहने की संभावना है। डिजिटल भारत, स्टार्टअप्स भारत, नवाचार भारत, नॉलेज भारत, हरित तकनीक भारत और विज्ञान भारत विकसित भारत के अस्त्र बनेंगे। आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। गुलामी के कालखंड से प्रेरित अपराध न्याय प्रणाली अब इतिहास हो गई है, अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है। हमारी अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। बाकी दो तिमाहियों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आंकड़ों में महंगाई दर नियंत्रित है। वृहद आर्थिक स्थिरता है। 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय 5 गुना होकर 10 लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। आई-वे व हाई-वे दोनों मजबत हुए हैं। रेल, एयपोर्ट व पोर्ट इन्फ्रा भी मजबूत हुए हैं। 'वन नेशन, वन पावर ग्रिड' से बिजली की व्यवस्था में सुधार हुआ है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' से, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। इन उपलब्धियों से अलग अभी सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी नहीं बना पाई है, खाद्य महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है, सरकारी सेक्टर में रोजगार के मौके कम हो रहे हैं, सीमा पर तनाव की स्थिति है व गरीबी उन्मूलन चुनौती बनी हुई है। समाज में विभाजन बढ़ रहे हैं, राजनीतिक कटुता चरम पर है, केंद्रीय जांच एजेंसियां विश्वसनीयता के संकट से गुजर रही हैं। पेयजल, खाद्यान्न व ऊर्जा आपूर्ति चुनौती बनी हुई है। केंद्र व राज्य के संबंध तल्ख हुए हैं। इन विसंगतियों को दूर करने की दृष्टि को भी



अंतरिम बजट
शंभु भद्र

# 'ज्ञान' को गारंटी का होगा रोडमैप

अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के लिए नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर संबंधी घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं।

आज वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश हो रहा है। यूं तो अंतरिम बजट होने के कारण किसी बड़े एलान की उम्मीद कम है, इसके बावजूद चुनावी वर्ष होने के चलते इसमें राजनीति और अर्थशास्त्र का संगम देखने को मिल सकता है। आम लोग, किसान, असंगठित श्रमिक, सेवा प्रदाता और उद्योग जगत समेत लगभग सभी वर्ग को बजट से उम्मीदें रहती हैं। चूंकि पूर्ण बजट इस बार नई सरकार के गठन के बाद जुलाई में आएगा, उसमें कायदे से बजट की बारीकियां देखने को मिलेंगी, लेकिन इस अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के उत्थान लिए नया रोडमैप देखने को मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, सोशल स्कीम्स में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर उद्योग, निर्यात बढ़ाने के उपाय, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर से संबंधित कई नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। अंतरिम बजट सीधे तौर पर लोकलुभावन नहीं होगा, पर वह वोट बैंक की गणित के हिसाब से लगभग सभी आर्थिक व सामाजिक वर्ग को एड्रेस जरूर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले ही साफ़ कर दिया है कि नागरिकों को 1 फ़रवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-25 में किसी शानदार घोषणा की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' वाली योजनाओं की छाप रहेगी। विश्व में युद्ध, संघर्ष, अशांति, भूराजनीतिक तनाव, सुस्त ग्रोथ, ट्रेड वार आदि के बावजूद अपने घरेलू कंज्यूमर की ताकत के चलते अंतरिम बजट प्रोग्रेस और अर्थव्यवस्था की मजबूती को बढ़ावा देने वाला होगा। समावेशी विकास के लिए देश को कॉरपोरेट के साथ कॉपरेटिव इकोनॉमी की तरफ भी बढ़ने की आवश्यकता है। बजट में अभी-अभी गरीबी से बाहर निकले नियो मिडिल क्लास के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ बजटों में एक वर्ष के बजाय तीन वर्ष, पांच वर्ष, दस वर्ष व पचीस वर्ष को ध्यान में रखकर आर्थिक घोषणाएं की गई हैं, ऐसे में एक वित्त वर्ष के आम बजट की अहमियत कम हुई है। अंतरिम बजट की तो बात ही क्या है। फिर भी सरकार कृषि बजट का आवंटन बढ़ा सकती है। किसान निधि राशि 6 हजार से बढ़ा कर 9 हजार प्रतिवर्ष कर सकती है। इससे करीब 11 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। नए वित्त वर्ष में इसे बढ़ाने के उपाय बजट में करने की जरूरत है। महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगारपरक फ्लैगशिप योजना शुरू की जा सकती है। बीपीएल गरीबों के लिए



भी सोशल वेलफेयर स्कीम्स का दायरा सरकार बढ़ा सकती है। सरकार 3एफ-फूड, फर्टिलाइजर व फ्यूल पर फोकस कर सकती है। ये मंत्र पिछले कुछ बजट में फोकस में रहे हैं। सबसे अधिक सब्सिडी खर्च इन्हीं तीन एफ पर होती है। सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान और निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने की जरूरत है। आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सरकार इस बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास की गति बनाए रख सकती है। ग्रामीण सड़क योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए अधिक आवंटन कर सकती है। फिनटेक व डिजिटेक उद्योग आर्थिक विकास की रीढ़ है। अंतरिम बजट में इन्हें समर्थन मिल सकता है।

अभी हाल में दो आंकड़े आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भारत में पांच साल में करीब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, नीति आयोग ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में करीब 24.82 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। अगर ये आंकड़े पुख्ता हैं, तो अब सरकार को अपनी रेवड़ी स्कीम्स की समीक्षा करनी चाहिए। पीडीएस, मुफ्त राशन, अंत्योदय, दूसरे डीबीटी स्कीम्स आदि को केवल जरूरतमंदों तक ही सीमित करने चाहिएं। यह कितना विरोधाभास है कि एक तरफ देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी तरफ सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। अब समय आ गया है कि सरकार को सभी रेवड़ी योजनाओं को बंद करके केवल रोजगार सृजन योजना पर फोकस करना चाहिए। देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक स्तर पर है। भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार सृजन का वादा भी किया था। नागरिकों को समर्थ, सक्षम बनाने की जरूरत है। मनरेगा, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कौशल विकास, स्वाबलंबन योजना, विश्वकर्मा योजना और सेल्फ हेल्फ ग्रुप योजना आदि के जरिये रोजगार सृजन को मजबूती मिल रही है, लेकिन इन सबको रोजगार सृजन की एक छतरी में लाकर एक प्रभावी फ़्लैगशिप योजना रोल आउट की जा सकती है।

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट करों से संग्रह में उछाल दिख रहा है और जीएसटी संग्रह भी रिकार्ड हो रहा है, वैश्विक व घरेलू अनुमान 7 फीसदी जीडीपी दर के करीब के हैं। अभी भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसका साइज 3.7 ट्रिलियन डॉलर है। 2027 तक 5 ट्रिलियन व 2030 तक 7 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनने की उम्मीद है, ऐसे में सरकार के पास कठोर वित्तीय फैसले लेने के मौके हैं। सरकार सब्सिडी को तर्कसंगत बनाए, पांच फीसदी तक महंगाई की चिंता ना करे, रेवड़ी स्कीम्स बंद करे, कृषि, सेवा क्षेत्र व उद्योग के लिए उदार माहौल बनाए। लालफीताशाही खत्म करे व जीएसटी को सरल बनाए। सरकार को कॉपरेटिव सेक्टर को मजबूत करना चाहिए। वृह्द, मध्यम, लघु व सहकारी उद्यम को एक साथ बढ़ावा देने से समावेशी विकास संभव है। यही विकसित भारत की राह है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए और सस्ते आवास के लिए सरकार आकर्षक योजनाएं ला सकती हैं। बीमा क्षेत्र की पहुंच को बढ़ाने के लिए 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए 65 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य पेंशन स्कीम लेकर आना चाहिए, जिसमें हर नागरिक के लिए कम से कम 30 वर्ष योगदान करना अनिवार्य हो। इसमें सरकार को दोहरा फायदा है। विकास योजनाओं के लिए कभी फंड की दिक्कत नहीं होगी और वृद्ध नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए चिंता नहीं करनी होगी। नागरिकों को भी सरकार की पेंशन पर निर्भर नहीं रहना होगा। आर्थिक तस्वीर बदल सकती है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बजट उम्मीद
सतीश सिंह



# विकासोन्मुखी होने की आस

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश होगा, जिसमें आम चुनाव को दृष्टिगत करते हुए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तेज विकास को सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने वाले प्रावधानों की घोषणा करने के साथ-साथ समावेशी विकास को सुनिश्चित करने,वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने, सरकारी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और मौजूदा क्षमताओं का समुचित दोहन करने की दिशा में प्रावधान कर सकती हैं। चूंकि, बैंक विकास के सभी मानकों को विकसित करने के लिए ऋण मुहैया कराने या वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का काम करते हैं, इसलिए दूसरे क्षेत्रों के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का फायदा भी बैंकिंग क्षेत्र को मिलेगा। सरकार एक लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए समीचीन कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं, जिसमें सबसे अहम है,चालू वित्त वर्ष में बैंकों के मुनाफे में अभूतपूर्व इजाफ़ा होना। साथ ही सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए सुधारों की वजह से बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आना और सकल एनपीए अनुपात का मार्च 2023 के 3.9 प्रतिशत से सितंबर 2023 में घटकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना भी महत्वपूर्ण है। देश के विकास की गति को तेज करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बहुत ही आवश्यक है, इसलिए अंतरिम बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से आर्थिक गतिविधियों,रोजगार सृजन, ऋण व उत्पाद की मांग आदि में तेजी आएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कोरोना काल के नकारात्मक प्रभाव से बाहर निकल चुकी है। अब इसे मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, इसलिए अंतरिम बजट में एमएसएमई के लिए नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की जा सकती है। साथ ही देश में स्टार्टअप्स, उद्यमिता, मेक इन इंडिया आदि को मजबूत करने के लिए विशेष राशि आवंटित की जा सकती है। पूर्व में इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम योजना से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत फायदा हुआ है। इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में लगभग 35 प्रतिशत का योगदान है। बैंकों के ऋण वृद्धि दर में लगातार तेजी आ रही है। बड़े विनिर्माण क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गैर बैंकिंग वित्त कंपनियां जैसे, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग आदि ने खुदरा ऋण के वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। बंधन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, फेडरल बैंक और आरबीएल आदि बैंकों की ऋण वृद्धि दर 18 प्रतिशत से अधिक रही है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक की क्रेडिट वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही है। वहीं,वित्त वर्ष 2024 में बैंकों की क्रेडिट वृद्धि दर 11.4 प्रतिशत रही है, जबकि जमा वृद्धि दर 9 प्रतिशत रही है। उच्च ऋण वृद्धि दर तब संभव हुई है, जब मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच की अवधि में रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी। कृषि क्षेत्र अभी भी उपेक्षित है। हालांकि, इस क्षेत्र ने कोरोना काल में विकास दर को अक्षुण्ण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए,किसानों और कृषि मजदूरों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए अंतरिम बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि की सहायता राशि को 6000 से बढ़ाकर 7000 रुपये की जा सकती है। साथ ही,कृषि क्षेत्र को सशक बनाने के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रुपए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को मूर्त रूप देने के बाद से अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का दायरा बढ़ा है, क्योंकि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सदस्यता में वृद्धि दर्ज की गई है। ईपीएफओ के अंतरिम पेरोल आंकड़ा के अनुसार अक्टूबर 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए, जो पिछले साल की समान अवधि से 18.22 प्रतिशत अधिक थे। भारत में तेज विकास दर का मुख्य कारण घरेलू मांग में तेजी आना है। देश में सरकारी और निजी निवेश दोनों में तेजी आई है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्पेशल इकनॉमिक जोन के तहत कारोबारियों को विशेष सुविधाएं देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है साथ ही साथ अन्य आर्थिक सुधार भी मुसलसल किए जा रहे हैं। सरकार ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री वैसे प्रावधान करेंगी, जिनकी मदद से देश के विकास को पंख लग सकें साथ ही साथ आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी प्रावधानों की भी घोषणा की जा सकती है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं। *-सद्गुरु*

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## रंगारंग प्रस्तुति




*नईदिल्ली। मंगलवार को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2024 की झांकी और दल पुरस्कार की प्रस्तुति के दौरान प्रदर्शन करते कलाकार।*

## आज की पाती

### गहरी हैं भ्रष्टाचार की जड़ें

सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़ तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ परक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है। देश में ईडी के पड़ रहे छापे से यह बात साबित होती है की देश में पहले से भ्रष्टाचार बढ़ा है। अधिकारी और राजनेता इसमें लिप्त पाये जा रहे है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आए दिनों आरोप लगाते रहते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है, लेकिन इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं, इससे मिलकर लड़ना होगा। *-राजेश सोनी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### पीढ़ियां हमें याद रखें



कई मित्र वर्ष 2047 को देखने के लिए इस सदन में नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां हमें याद रखें। सीमाओं से सटे गांवों को अंतिम गांवों के रूप में देखा जाता था। हमने उन्हें पहले गांवों के रूप में मान्यता दी।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### डब्ल्यूएचओ अस्पताल में तैनात



गाजा के खान यूनिस में नासिर अस्पताल के आसपास चल रहे भारी सैन्य अभियानों के बीच, डब्ल्यूएचओ और साझेदार 1000 रोगियों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने में सक्षम थे। ।
-टेड्रोस एडनोम, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### कर्म बीज हैं और हम परिणाम



हर कार्य परमात्मा की सेवा मानकर करना ही जीवन की संसिद्धि का रहस्य है। कर्म बीज हैं, हम जो भी हैं अपने कर्मों का परिणाम हैं, इसलिए कर्म योग हमें यह सिखाता है कि हमारे शुभाशुभ कर्मों द्वारा ही हमारे भविष्य का निर्धारण होता है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### फ़र्ज़ीवाडा करते फर्ज निभाया



चंडीगढ़ मेयर चुनाव कितना निष्पक्ष था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीजेपी ने अपने नेता को पीठासीन अधिकारी बनाया था। फ़र्ज़ीवाडा करते हुए अपना फ़र्ज़ और पार्टी का क़र्ज़ बहुत अच्छे से निभाया इन्होंने।
-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर

# नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण



नोबेल शांति पुरस्कार-2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके लिए नामांकित लोगों में गाजा और यूक्रेन युद्धों से जुड़े शांति कार्यकर्ता शामिल हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति नामांकन को गुप्त रखती है, लेकिन नामांकन अधिकार वाले लोग कभी-कभी अपनी पसंद को सार्वजनिक कर देते हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कुछ घोषित नामांकनों का विषय रहा है। फ्री यूनिवर्सिटी एम्स्टर्डम के शिक्षाविदों ने कहा कि उन्होंने इजराइल और फलस्तीनियों के बीच शांति प्रयासों के लिए पश्चिम एशिया स्थित संगठनों इकोपीस, वुमेन वेज पीस और वुमेन ऑफ द सन को नामित किया है। विश्वविद्यालय के शांति और संघर्ष अध्ययन विभाग ने कहा,'वे महिलाओं और जलवायु न्याय की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए समुदायों को एक साथ ला रहे हैं।' नॉर्वे की सांसद इंगविल्ड वेट्रहस थोर्सविक ने समाचार पत्र वीजी को बताया कि उन्होंने गाजा की स्थिति का दस्तावेजीकरण करने के लिए फलस्तीनी वीडियो पत्रकार मोताज़ अजैजा को नामित किया है।

## ऑफ बीट

# कीड़े रात में रोशनी के पास आते हैं



लौ पर मंडराते कीटों के इस सम्मोहक व्यवहार के लिए कई पुराने स्पष्टीकरण पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। एक प्रारंभिक धारणा यह थी कि कीड़े लौ की गर्मी से आकर्षित हो सकते हैं। यह दिलचस्प था, क्योंकि कुछ कीड़े वास्तव में पायरोफिलिक होते हैं: वे आग की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन प्रकाश के आसपास के अधिकांश कीड़े इस श्रेणी में नहीं आते हैं, और ठंडी रोशनी भी उन्हें खूब आकर्षित करती है। एक और विचार यह था कि कीड़े सीधे प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं, इस प्रतिक्रिया को फोटोटैक्सिस कहा जाता था। कई कीड़े प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, शायद अंधेरे या उलझे हुए परिवेश से बचने के एक तरीके के रूप में। लेकिन अगर यह प्रकाश के चारों ओर समूहों के लिए स्पष्टीकरण था, तो आप उनसे सीधे स्रोत में टकराने की उम्मीद कर सकते हैं। यह उन कीड़ों के प्रकाश के आसपास बेसबब चक्कर लगाने वाले व्यवहार की व्याख्या करने में बहुत कम योगदान देता है। फिर भी एक और विचार यह था कि कीड़े गलती से पास की रोशनी को चंद्रमा समझ सकते हैं, क्योंकि वह आकाशीय रास्ते का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। कई कीड़े रात में अपना रास्ता बनाए रखने के लिए चंद्रमा का संदर्भ लेते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## उपभोक्ताओं की जेब से रुपए निकालने का रास्ता खुला

# स्वीकृत लोड से अधिक बिजली खपत में बढ़ जाएगा लोड

**जबलपुर**। विद्युत नियामक आयोग द्वारा स्मार्ट मीटर की व्यवस्था लागू किए जाने के बाद बिलिंग को लेकर जारी किए गए नियमों में बदलाव कर दिया गया है। इसके बाद अब उपभोक्ता की जेब से और अधिक रुपये निकलने का रास्ता खुल जाएगा।जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्री के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने बताया कि नियमों में किए गए बदलाव में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद यदि किसी फाइनेंसियल ईयर में उपभोक्ता के न्यूनतम तीन बिलिंग में मीटर की अधिकतम डिमांड स्वीकृत लोड से अधिक हो जाएगी तो इस स्थिति में पहले से स्वीकृत लोड अपने आप तीन माह की न्यूनतम लोड डिमांड के रूप में कनवर्ट हो जाएगा। यानी आपके मीटर का लोड कन्वर्ट होकर दूसरी अधिकतम डिमांड के लेवल वाले स्लाट में पहुंच जाएगी और उसकी बिलिंग उस डिमांड वाले लोड के मिनिमम बिलिंग के आधार पर शुरू हो जाएगी। आयोग ने कहा है कि इस नई व्यवस्था के आधार पर बिलिंग नए फाइनेंसियल ईयर के पहले महीने से ही होने लगेगी।



### इसे ऐसे भी समझ सकते हैं

अगर किसी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता का बिल स्वीकृत लोड 1 किलोवाट के आधार पर आता है और साल भर के तीन बिलिंग साइकिल में उसके मीटर का लोड 1.2 किलो वाट, 1.3 किलोवाट और 1.4 किलो वाट तक पहुंच जाता है तो नए वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रेल माह का जो बिल आएगा उसमें बिलिंग की प्रक्रिया 1.2 किलोवाट के रूप में प्रभावी हो जाएगी और मीटर का लोड अपने आप अधिक हो जाएगा। इसका सीधा असर बिजली उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा। आयोग के नोटिफिकेशन में चूंकि उपभोक्ताओं को अलग से परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए यह सभी तरह के उपभोक्ताओं पर प्रभावी होगा। आयोग के नियम में यह भी कहा गया है कि इसी तरह की व्यवस्था लोड कम कराने के मामले में भी लागू होगी और तीन बिलिंग साइकिल के न्यूनतम लोड के आधार पर ही लोड कम किए जाएंगे।

### पेनाल्टी से जरूर राहत रहेगी

आयोग ने यह भी कहा है कि इस लोड के बढ़ने के बाद जो भी चार्ज लगने होंगे उसका भुगतान भी उपभोक्ता को ही करना होगा। मीटर नियमों में संशोधन के जरिये लागू किए गए नए नियमों में यह भी कहा गया है कि इसी तरह की स्थिति उपभोक्ता की संविदा डिमांड के मामले में भी लागू होगी। आयोग के सचिव उमाकांत पांडा के आदेश से हुए नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने की तिथि से पहले की अवधि के लिए स्मार्ट मीटर में दर्ज अधिकतम डिमांड के आधार पर कोई पेनाल्टी वसूल नहीं की जा सकेगी। दूसरे शब्दों में जब से यह नियम प्रभावी होंगे तब से ही नए लोड के आधार पर भुगतान करना होगा। पूर्व की अवधि में पेनाल्टी बिजली अफसर नहीं वसूल सकेंगे।

### सिर्फ शार्ट नोटिस यानी मैसेज भेजेंगे

आयोग ने कहा है कि बढ़े हुए लोड पर बिजली बिल भेजने का काम एक अप्रेल से शुरू होने पर बिजली उपभोक्ता को अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। सिर्फ शार्ट नोटिस यानी मोबाइल पर मैसेज दे दिया जाएगा कि अप्रेल माह से उपभोक्ता का पहले से स्वीकृत मीटर लोड बढ़कर अधिक हो गया है और उसकी बिलिंग बढ़े हुए लोड के आधार पर की जाएगी।

### नए लोड के लिए एग्रीमेंट कराना होगा

नियामक आयोग के आदेश के मुताबिक जब तीन बिलिंग साइकिल (चक्र) के आधार पर बढ़े हुए लोड पर बिल आने की स्थिति बनेगी तो बिजली कम्पनी के अफसरों की सूचना के बाद उपभोक्ता को नए सिरे से एग्रीमेंट कराना होगा। इसका खर्च उपभोक्ता को ही उठाना पड़ेगा। उपभोक्ता से इससे संबंधित चार्ज कम्पनी वसूल कर सकेंगी।

### डिस्काम को लेना होगा फैसला

बिजली अफसरों के अनुसार विद्युत नियामक आयोग के आदेश लागू करने के मामले में बिजली कम्पनियों को तकनीकी रूप से फिजिकल लोड का ध्यान रखना होगा। इसलिए बिजली कम्पनियों को इसके लिए अलग से व्यवस्था तय करनी होगी। कम्पनियों को अपने रीजन में ऐसे केस चेक कराकर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करानी होगी और इसे डिस्काम को भेजना होगा। इसके बाद नियामक आयोग के आदेश पर अमल के लिए डिस्काम इसे लागू करने की व्यवस्था तय करेगा।

## जिला पंचायत सीईओ ने की परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**जबलपुर**। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने स्कूलों में चल रही वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करने आज बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय मझौली में मझौली जनपद की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों की आयोजित कार्यशाला में शामिल हुईं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीईओ ने कहा कि परीक्षा के अंतिम समय सभी विद्यार्थियों की स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। रिमेडियल कक्षाओं का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाये। ब्लूप्रिंट कक्षाओं में लगा हो तथा ब्लूप्रिंट के आधार पर ही किस पाठ से किस प्रकार के प्रश्न आ रहे हैं उसी प्रकार बच्चों को पाठों का अध्यापन कराया जाये। प्रश्न पत्र बनाकर मूल्यांकन किया जाये और परिणाम के आधार पर विषयवार कठिन बिंदुओं का निराकरण हेतु सभी शालाओं में विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाये। श्रीमती सिंह ने मूल्यांकन कर्ताओं को निर्देशित किया कि प्रतिदिन दो स्कूलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट गूगल फॉर्म में भरें एवं निरीक्षण की फोटो शेयर करें। कार्यशाला में डीपीसी योगेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट डॉग्स के आतंक पर आयोग ने की भोपाल में सुनवाई

**जबलपुर।**


शहर के कई क्षेत्र में गली-गली में स्ट्रीट डॉग्स के आंतक से हर महिने 2 हजार से ज्यादा लोगों के जख्मी होने का मामला सामने आ रहे है। कुत्तों के भय से कई क्षेत्रों में बच्चों और बुजुर्गे ने घर से बाहर निकलना ही बंद कर दिया है। शहरवासियों ने नगर निगम और जिले के जिम्मेदार अधिकारी को इसके संबंध में कई बार शिकायत भी की है, लेकिन अब तक कोई उचित निराकरण नही किया गया है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की जबलपुर शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय प्रभारी सुश्री फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टंडन की युगलपीठ भोपाल ने सुनवाई करते हुए, गंभीर मामला मानकर, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन से जांच कराकर जबलपुर के साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में हो रही ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की, इस पर जवाब तलब करते हुए, प्रतिवेदन एक माह में आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

**प्रमुख सचिव से किया जवाब तलब**

## पश्चिमी विक्षोभ ने दी कड़ाके की सर्दी से राहत

**जबलपुर**। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाये बादलों ने सर्दी से राहत दी है। आसमान पर बादलों की बसाहट से तापमान की फिसलन पर रोक लगी है लेकिन हवाओं के जोर से ठण्ड का एहसास हुआ। अभी भी दिन और रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री ऊपर चल रहा है जबकि आसमान पर बादल छाये हुये हैं। पिछले एक हफ्ते से तापमान लगातार दहाई अंक के नीचे चल रहा है। बुधवार को पश्चिमी विक्षोप के कारण न्यूनतम तापमान दहाई के आंकड़े को छू गया। अब कड़ाकेदार ठण्ड तो नहीं होगी, लेकिन ठण्ड का आभास बरकरार रहेगा। बादल छंटने के बाद पारे में आंशिक गिरावट आएगी। लेकिन हवाओं का जोर जारी रहेगा। उधर मौसम विज्ञान का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ से बारिश होने की संभावना हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पूर्वी मध्यप्रदेश पर होने के कारण आसमान पर बादल छाये हुये हैं और तापमान में आंशिक उछाल आई है।

# आसमान पर छाए बादल बूंदाबांदी की संभावना



इससे जनजीवन को ठण्ड से राहत मिली है। ठण्ड का प्रभाव कुछ कम हुआ है, लेकिन हवाओं का प्रभाव बरकरार है। पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव समाप्त होने के बाद पारे में फिर गिरावट आएगी, लेकिन ठण्ड का वो जलवा नहीं रहेगा, जो ठण्ड अभी दिखा चुकी है। बसंत पंचमी तक ठंड का आभास जरूर बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 78 प्रतिशत और सायंकाल 40 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.50 बजे और सूर्यास्त शाम 5.57 बजे हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला कल्याणपुर (शहडोल) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पड़रिया में शिविर आयोजित

**जबलपुर**। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष दीपक सक्सेना के निर्देशन में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला पड़रिया पनागर में चंचलबाई पटेल महिला महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्रीय नागरिक एवं पंचायत पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता परामर्श तेज सिंह ठाकुर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग ने बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशामुक्त समाज बनाने के लिये प्रेरित किया।कार्यक्रम में पड़रिया सरपंच श्रीमती रजनी रजक, उप सरपंच नितेश साहू, चंचला बाई महाविद्यालय से श्रीमती माधुरी डेगबेकर, डॉ सुनीता खरे, डॉ आशा त्रिवेदी तथा स्कूल के अध्यापक उपस्थित रहे।

# बंद पड़े मकान में मिली लाखों की शराब

**जबलपुर।**

शीतलामाई क्षेत्र में एक बंद पड़े मकान में आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 35 पेटी अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की हैं। छापे के दौरान घर पर कोई मौजूद नहीं था। बताया गया है कि जहां से शराब जब्त की गई वह मकान कई दिनों से बंद पड़ा हुआ था।

इस संबंध में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी जीएल मरावी ने बताया कि बुधवार की सुबह शीतलामाई मोहल्ला क्षेत्र में स्थित एक मकान में दबिश दी गई। यहां तलाशी के दौरान घर के अंदर से ब्लेंडर प्राइड - 2 बॉटल, रॉयल स्टैग - 2 बॉटल , बैगपाइपर - 24 बॉटल एवम 144 पाव, मेकडावल न. 1रम - 384 पाव, 8 पी एम - 24 बॉटल, ओल्ड मंक - 24 बॉटल, देशी मसाला - 600 पाव, देशी प्लेन - 100 की 35 पेटी अंग्रेजी एवं देशी शराब की बोतले रखी हुई मिली। आबकारी विभाग की टीम द्वारा जब यहां दबिश दी गई, तब घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि जिस घर से यह शराब की बोतले बरामद की गई है, वह काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था। कंट्रोल रूम प्रभारी जीएल मरावी ने बताया कि उक्त घर में पटवारी को ले जाकर मकान मालिक का पता लगाया जाएगा। आबकारी ने शराब की बोतले जब्त करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रकरण में अभी अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर किया गया है।

कार्रवाई के दौरान सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर कंट्रोल रूम प्रभारी जीएल मरावी सहायक जिला आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी आबकारी मुख्य नरेंद्र सिंह उइके, आरक्षक दीपचंद राय, अनुराग शर्मा, लौकिक टेकाम, कमलेश, लोकेश्वरी कोरी एवं गायत्री वट्टे उपस्थित रहे।

**आबकारी विभाग ने की छापेमारी**

## मप्र एडवोकेट स्पोटर्ज कमेटी के सरंक्षक बने सैनी

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश एडवोकेट स्पोट्र्ज (क्रिकेट) कमेटी के संरक्षक पद पर आरके सिंह सैनी एवं सहसचिव धर्मेन्द्र सिंह राजपूत को नियुक्त होने पर जबलपुर टीम रेड के कप्तान रूपेंद्र तिवारी, टीम ब्लू के कप्तान एडवोकेट शरनजीत सिंह, टीम जबलपुर- इलेवन के संरक्षक एड सौरभ दीक्षित के द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान महेंद्र श्रीवास, शैलीप खरे, सुदीप सिंह सैनी, प्रदीप गोटिया, नितिन शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, शिरीष खत्री, कमलेश रजक, मनोज तिवारी, साजिदुल्ला खान, प्रभात सिंह, नितिन पटेल, अमित कोहली, रविन्द्र दत्त, विवेक चौबे, गौरव सिंह चंदेल, अनुभव शर्मा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, राहुल सिंह, रोहित सिंह, रोहणी प्रसाद, राजमोहड़े, अरविंद सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक रामबाई सहित अन्य को तीन-तीन माह की सजा

**जबलपुर**। एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने पथरिया, दमोह की पूर्व विधायक रामबाई व उनके समर्थकों पुष्पेंद्र सिंह सहित पांच के विरुद्ध दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीन-तीन माह के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही जुर्माना भी लगाया। इससे पूर्व में इसी तरह के तीन अन्य मामलों में भी विधायक रामबाई को सजा सुनाई जा चुकी है। अभियोजन की ओर से दलील दी गई कि 2016 में राम बाई ने विधायक रहते हुए अपने समर्थकों के साथ एक बिजली कर्मी के घर पहुंचकर हंगामा बरपाया था। दरअसल, विधायक रामबाई का एक समर्थक चोरी की बिजली से चक्की चला रहा था। जिसकी शिकायत पर बिजली विभाग के दस्ते ने दबिश देकर प्रकरण कायम कर लिया। जिससे आक्रोशित होकर विधायक व उसके समर्थक बिजली कर्मी के घर पहुंच गए। वहां गाली-गलौच के अलावा धमकाया भी गया। इससे बिजली कर्मी व उसका पूरा परिवार दहशत में आ गया। उनकी रिपोर्ट पर कोतवाली, दमोह पुलिस ने विधायक रामबाई व समर्थक पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया। इसी मामले में पुलिस ने एमपी-एमएलए कोर्ट में चालान पेश किया। बिजली कर्मी की मां सहित अन्य ने अपने बयानों में धमकी सहित अन्य तथ्य रेखांकित किए। बहरहाल, सुनवाई पूरी होने के साथ ही अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।



# प्रदेश के बाहर बेची जा रही सस्ते दामों पर सरप्लस बिजली

**जबलपुर**। प्रदेश में उत्पन्न सरप्लस बिजली प्रदेश के बाहर सस्ते रेट पर बेची जा रही है, जबकि प्रदेश के उपभोक्ताओं को उन सस्ते रेट की तुलना में भारी महंगे रेट पर बिजली का सप्लाय किया जा रहा है। यह खुलासा विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश से तथा बिजली कंपनियों के टैरिफ प्रस्ताव से हुआ है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि नियामक आयोग के वर्ष 2023-24 के टैरिफ आदेश के पृष्ठ 64 के अनुसार बिजली कंपनियों ने सरप्लस बिजली बेचने हेतु 470.40 पैसे प्रति यूनिट रेट प्रस्तावित किया था। आयोग ने 450 पैसे/यूनिट रेट अनुमोदित किया। इसी टैरिफ आदेश में प्रदेश के 151 से 300 यूनिट खपत वालें सर्वसाधारण उपभोक्ताओं के लिए 597 पैसे/यूनिट रेट तय किया गया, जो सरप्लस बिजली बेचने के रेट से 1 रुपए 47 पैसे प्रति यूनिट से महंगा है।

डा.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली कंपनियों द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत टैरिफ प्रस्ताव के पृष्ठ 87 में सरप्लस बिजली बेचने हेतु 489.90 पैसे/यूनिट रेट रखा है। जबकि उसी टैरिफ प्रस्ताव में प्रदेश के सर्वसाधारण उपभोक्ता के लिए 687 पैसे/यूनिट के रेट की अनुमति मांगी गई है। यह रेट सरप्लस बिजली के रेट से 1 रुपए 98 पैसे/यूनिट से महंगा है।

मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा ने बताया कि बिजली बाहर सस्ती बेचकर प्रदेश में महंगी बेचना, यह प्रदेश के उपभोक्ताओं का शोषण हैं।

**महंगी बिजली देकर प्रदेश के उपभोक्ताओं का शोषण**

| वर्ष | सरप्लस बिजली रेट | सर्वसाधारण के रेट | ज्यादा |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 450 पैसे/यूनिट | 151 से 300 यूनिट खपत हेतु 597 पैसे/यूनिट | 1.47 रु./यूनिट |
| 2024-25 | 489 पैसे/यूनिट | 687 पैसे/यूनिट | 1.98 रु./यूनिट |

### स्वच्छता में नम्बर वन आने, होना होगा जागरुक

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियां शुरु

**जबलपुर।**

स्वच्छता रैंकिंग में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद अब नगर निगम जबलपुर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में जुट गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की टूल किट जारी हो चुकी है। जहां एक तरफ अधिकारी नियमों को समझने में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ नियमानुसार सर्वेक्षण की तैयारी शुरु हो गई है। इस बार कुल 9.5 हजार अंकों के लिये स्वच्छता की दौड़ लगेगी जो सबसे अधिक नम्बर लाए वहीं सबसे साफ शहर कहलाएगा। इस बार सर्विस लेवल प्रोग्रेस के इस बार सबसे ज्यादा अंक है। एक्सपर्टस के अनुसार खाली प्लाटों से लेकर मोहल्ले, कालोनियों में कंजरवेंसी बैक लेन को कचरा मुक्त करने के साथ ही जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाने, पर्व व आयोजनों पर खुले में दोना, पत्तल, डिस्पोजल फेंक देने को लेकर लोगों की आदत में सुधार लाने, कचरा विभक्तिकरण पर फोकस करने की आवश्यकता है।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नियमावली में कई अहम बदलाव किये गये हैं। के लिए नई गाइडलाइन में कई अहम बदलाव किए हैं। इस बार खास यह है कि कालोनियों में बैक लेन यानी घरों के पीछे वाली गलियों की मानिटरिंग की जाएगी। बैक लेन को उपयोग लायक बनाना अनिवार्य होगा, जिससे बच्चे इनका उपयोग खेल गतिविधियों में कर सकें। बैक लेन में कचरा या गैर उपयोगी वस्तुओं को फेंकने पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसे सख्ती से प्राथमिकता से लागू किया जाएगा। इसके अलावा ट्रिपल आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल पर भी फोकस किया जाएगा।



### दो चरण में होगी परीक्षा

स्वच्छ सर्वेक्षण में दो चरण सिर्फ स्थानीय स्तर पर साफ-सफाई और शहरवासियों की सुविधाओं को लेकर हैं। ये सितंबर तक खत्म कर दिया जाएगा। नवंबर के आखिरी तक असेसमेंट होना है, जबकि तीसरे चरण में प्रोसेसिंग फेसिलिटी पर ध्यान देना है। सबसे महत्वपूर्ण इसमें फील्ड असेसमेंट होकर मुख्य सर्वे अप्रैल-मई 2024 में कराया जाएगा।

### सिटीजन फीडबैक होगा जनआंदोलन

नम्बरिंग की तीसरी श्रेणी सिटीजन फीडबैक को अब जन आंदोलन नाम दिया गया है। नई परीक्षा में सर्विस लेवल प्रोग्रेस, विजिबल क्लीन, कचरा सेग्रीगेशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता, जल प्रबंधन, सफाई मित्र सुरक्षा, सर्टिफिकेशन के अंक निर्धारित किए गए है। वहीं गीले-सूखे कचरे का अलग-अलग सेग्रीगेशन, कलेक्शन और ट्रांसपोर्टेशन के अलावा सेनिटेशन, वॉटर मैनेजमेंट गेम और सफाई मित्र सुरक्षा, लिगेसी वेस्ट रेमीडेशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, सिग्नल इंडीकेटर संकेतक बोर्ड, विजिबल क्लीनलीनेस इसके पैरामीटर्स रहेंगे।

### ऐसे बांटे गये नम्बर

आंकड़ों में बात की जाए तो 5705 अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस के होंगे। विजिबल क्लीन के 950 अंक होंगे। 750 अंक कचरा सेग्रीगेशन के और 1705 अंक सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के होंगे। वहीं 1245 अंक जल प्रबंधन व सफाई मित्र सुरक्षा के रखे गये है। इसके अलावा 2500 अंक सर्टिफिकेशन के और 1295 अंक सिटीजन फीडबैक यानी जन आंदोलन के हैं।

## कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा

# परफार्मेंस को बेहतर करने राजस्व अधिकारियों को हिदायत



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राजस्व महाअभियान के तहत जिले में अभी तक किये गये कार्यों की आज बुधवार को आयोजित बैठक में समीक्षा करते हुये जिले में पदस्थ सभी राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के दर्ज प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

श्री सक्सेना ने बैठक में कहा कि राजस्व महाअभियान के दौरान प्राप्त प्रत्येक राजस्व प्रकरण को आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाये और उनका समय सीमा के भीतर निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान की प्रगति की अनुभाग और तहसीलवार समीक्षा करते हुये राजस्व अधिकारियों को अपने परफार्मेंस को और बेहतर करने की हिदायत देते हुये कहा वे नहीं चाहते कि किसी को नोटिस दिया जाये या किसी के खिलाफ कार्यवाही हो, लेकिन यदि राजस्व महाअभियान में कुछ अधिकारियों की वजह से जिले के ओवरऑल परफार्मेंस पर प्रभाव पड़ा तो उनको कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। इसलिये सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा, समय रहते अपने स्तर पर जहां भी कमियां रह गई हैं उन्हें दूर करने के प्रयास करने होंगे और बेहतर परिणाम लाकर दिखाना होगा।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में छह माह से अधिक समय से लंबित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के अविवादित प्रकरणों का फरवरी माह के अंत तक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिये अपने स्तर पर कार्ययोजना बना लें । श्री सक्सेना ने कहा कि उन्हें एक मार्च की स्थिति में अविवादित राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी हर हाल में शून्य दिखनी चाहिये। श्री सक्सेना ने बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से भी कहा कि वे अपने स्तर पर राजस्व महाअभियान की निरंतर समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि महाअभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की रैंडम जांच के लिये जिला स्तर पर दल गठित किया जायेगा। बैठक में धारणाधिकार योजना के प्रकरणों के निराकरण में भी गति लाने की हिदायत राजस्व अधिकारियों को दी गई। अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, सयुंक्त कलेक्टर नदीमा शीरी, एसडीएम आधारताल शिवाली सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज भी इस बैठक में मौजूद थे। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार बैठक में वर्चुअली शामिल हुये।



## विधायक ने जताया केंद्रीय मंत्री का आभार

# प्रस्तावित रोपवे सिस्टम से जनता को मिलेगा लाभ

**जबलपुर।** सिविक सेंटर से लेकर लॉर्डगंज, बलदेवबाग, दमोहनाका से होकर अधारताल तक यातायात को सुगम बनाने हेतु केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ट्रांसपोर्ट रोप वे सिस्टम को स्वीकृत किया है रोप वे के माध्यम से जबलपुर शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र उत्तर विधान सभा के अंतर्गत सिविक सेंटर से दमोहनाका के बीच चलने वाले आमजनों को अत्यधिक लाभ होगा उत्तर विधानसभा को मिलने वाली इस सौगात हेतु क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पांडे ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त कर उनका धन्यवाद किया।

अभिलाष पांडे ने बताया कि अपने घोषणापत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुदृढ़ बनाने के लिए विधानसभा चुनाव के समय हमने क्षेत्र की जनता से वादा किया था यह सौगात प्राप्त कर उत्तर विधानसभा की जनता को यातायात की समस्या से निजात मिलेगा आमजनों के समय की बचत होगी।

विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।



# कलम के सिपाही साझा काव्य संग्रह विमोचित

**जबलपुर।** जागरण साहित्य समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम कलाविथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय भंवरताल, जबलपुर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संगीत श्रोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार तिवारी सागर थे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे थे। सारस्वत अतिथि आचार्य हरिशंकर दुबे एवं डॉ.जे.के.गुजराल थी।इस अवसर पर डॉ.राजकुमार सुमित्र ने मंगल कामनाएं व्यक्त की। अतिथि विद्वानों ने जागरण का बहुरंगी साझा काव्य संग्रह कलम के सिपाही का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि श्रेष्ठ साहित्य सामाजिक जागरण में अहम भूमिका निभाता है। संस्कारधानी श्रेष्ठ साहित्यकारों की नगरी है। इस अवसर पर बुजुर्ग डॉ. हरप्रसाद स्थापक, मोहन शशि,सहित साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में क्रियाशील श्री मनोहर चौबे आकाश,राजेश पाठक प्रवीण,डॉ.ताराचंद कुशवाहा,डॉ.एम. एल.शर्मा , इंजी.हेमंत कुमार जैन,प्रमोद कुशवाहा एवं संस्था पीएमजी को जागरण के संस्थापक श्री सुभाष जैन शलभ, संस्था अध्यक्ष संतोष नेमा संतोष एवं अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में श्री राजेंद्र मिश्रा, के.पी. पांडे,ज्योति मिश्रा, प्रीति नामदेव,प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल,प्रीति नामदेव,रश्मि पांडे, डॉ.प्रकाश दुबे, डॉ.अरुण मिश्रा, देव दर्शन सिंह, कालिदास ताम्रकार, सुरेंद्र साहू, उमेश साहू ओझ,मनोज शुक्ला,यशोवर्धन पाठक,श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा शील आदि को साझा संग्रह प्रदान करके अभिनंदित किया।

# नगर गौरव अभय सागर महाराज की हुई भव्य आगवानी

**पाटन।** संत शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महा मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य पाटन नगर गौरव अष्टम निर्यापक मुनि श्री श्रमण अभय सागर एवं निर्यापक मुनि श्री संभव सागर महाराज, श्री निरोग सागर महाराज, श्री निरीह सागर, श्री नीरज सागर की भव्य आगवानी पाटन जैन समाज को शौभाग्य मिला। पाटन निर्यापक मुनि श्री अभय सागर की जन्मस्थली हैं जहां उन्होंने जन्म लेकर वैराग्य के पद को अंगीकार कर अपना धर्म का मार्ग प्रशस्त किया था। ऐसे तपस्पी का भव्य आगमन लगभग 15 वर्षों के बाद पाटन नगर में हुआ साथ ही संयोगवश 30 जनवरी को मुनि श्री अभय सागर जी अवतरण दिवस भी है। जो उनके ही सानिध्य में नगर को यह उत्सव मनाने का भी सौभाग्य मिला ।सारे नगर के लोगो ने बड़े ही धूम धाम से महाराज श्री जी ससंघ की भव्य अगवानी की।





# श्री राम कथा की भव्य शोभायात्रा निकली

**मझौली।** श्री राम कथा की भव्य शोभायात्रा हनुमान कुटी पुरानी बाजार मझौली से दोपहर 2 बजे से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस हनुमान कुटी पुरानी बाजार पहुंची। मार्ग में कलश शोभा यात्रा का नगर वासियों के द्वारा भव्य स्वागत आरती वंदन जगह-जगह की गई एवं 1 फरवरी से प्रतिदिन राम कथा दोपहर बाद 3 बजे से अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य प्राची देवी के द्वारा की जाएगी।



# मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के लिये भूमि चयन के संबंध में बैठक संपन्न

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को निर्माणाधीन रिंग रोड पर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के लिये भूमि चयन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण, एमपी इंड्रस्टियल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन और स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में शहर की बाहरी सीमा पर निर्माणाधीन रिंग रोड में एमएमएलपी के लिये ग्राम भटौली, परतला एवं खैरी की भूमि पर विचार किया गया। जिसमें खैरी की भूमि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित होकर एमपी इंड्रस्टियल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अधिपत्य में होने के कारण प्रस्तावित प्रोजेक्ट के त्वरित क्रियान्वयन के लिये उपयुक्त प्रतीत होने पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा तत्संबंधी प्रस्ताव एमपीआईडीसी भोपाल प्रेषित किये जाने की सहमति व्यक्त की। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के लिये न्यूनतम 40 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता बताई। साथ ही बैठक में यह जानकारी दी गई कि एमएमएलपी का विकास कार्य भारत सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के उपक्रम नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा राज्य सरकार से अनुबंध निष्पादित कर उक्त कार्य किया जा सकता है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत ग्राम देवरी के पास बरेला तरफ से आ रहे एक ट्रक ने एक बाईक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक चालक नीचे गिर कर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार दौरान बाईक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ारी उमरिया बरेला निवासी 29 वर्षीय ओमप्रकाश मेहरा को गत रात लगभग 11.30 बजे ग्राम देवरी के पास, बरेला तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 0762 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे ओमप्रकाश बाईक सहित रोड पर गिर गया और उसके हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें आ गई। सूचना मिलने पर ओमप्रकाश के परिजन ने ओमप्रकाश को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गत दोपहर लगभग 2.30 बजे उपचार दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# कार को टक्कर मारकर वाहन डिवाईडर से टकराया

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत गुलाटी पेट्रेल पंप के सामने फ्लाईओवर ब्रिज के ऊपर एक कार को एक वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार चालक बाल-बाल बच गया और कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया है कि टक्कर मारने वाला वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जो आगे जाकर डिवाईडर से टकरा कर रुक गया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पठानी मोहल्ला कोतवाली निवासी 29 वर्षीय प्रापर्टी डीलर आमिर खान गत रात लगभग 12 बजे अपनी कार क्रमांक एमपी 20 जेड जे 9922 से मुजावर मोहल्ला गढ़ा से मदनमहल तरफ जा रहा था, जैसे ही गुलाटी पेट्रोलपंप के सामने फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 4914 के चालक ने शराब के नशे में वाहन तेज रफ्तार से चलाते हुए और उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार पीछे का हिस्सा क्षतिगस्त हो गया, वहीं कार चालक बाल-बाल बच गया। वाहन चालक आगे जाकर डिवाईडर से टकरा कर रुक गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 427 तथा 185 मोटरयान अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# 2 लाख के 10 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने गत दिवस जोगी मोहल्ला में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 किलो गांजा जब्त कर लिया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 2 लाख रुपए बताई गई है। हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि पंचकुईया हनुमानताल निवासी 40 वर्षीय सिरताज उर्फ पंडा गत दिवस जोगी मोहल्ला में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सिरताज उर्फ पंडा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच पैकेटों में रखा 10 किलो गांजा जब्त कर लिया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगझग 2 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर नाबालिग को चाकू मारा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत शहीद विक्रम स्कूल के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक नाबालिग युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज की और चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकरनगर निवासी 17 वर्षीय दुर्गेश अहिरवार गत शाम लगभग 6.15 बजे शहीद विक्रम स्कूल के पास खड़ा था, तभी बाईक से मोहल्लें का सत्यम मिश्रा आया और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा, मना करने पर जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज की और चाकू से घुटने पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 327, 506 तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत एमपीईबी कालोनी पाण्डुताल में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोरखपुर चौकी रामपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपीईबी कालोनी पाण्डुताल रामपुर निवासी 26 वर्षीय मयंक गुहेरिया ने गत रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मृतक की पत्नी श्रीमति कुन्जलता गुहेरिया ने पंखे में लटकी अपने पति के शव को नीचे उतारकर कमरे में लिटा दिया था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती सोमावन्ती साहनी-** एकता विहार रतननगर गुप्तेश्वर निवासी श्री इंद्रराज साहनी की धर्मपत्नी श्रीमती सोमावन्ती साहनी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति दुबे-** पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री देव नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति दुबे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई रैदास-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रामदास रैदास की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई रैदास (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रणोति सेनगुप्ता-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री जीएस सेनगुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती प्रणोति सेनगुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरती केशरवानी-** सेठी नगर हुनमान मंदिर के सामने निवासी श्री मिश्री लाल केशरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती रामरती केशरवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार नायक-** धनवंतरी नगर निवासी श्री राजकुमार नायक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्याम कौर राजवंश-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्रीमती श्याम कौर राजवंश (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दिलीप शुक्ला-** सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री दिलीप शुक्ला (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुधा गुप्ता-** सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीलम मरवाहा-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सुरेंद्र मरवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम मरवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ईश्वरी देवी नेचलानी-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री सोमनदास नेचलानी की धर्मपत्नी श्रीमती ईश्वरी देवी नेचलानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पंचम लाल गुप्ता-** संजीवनी नगर निवासी शिवम गुप्ता के पिता श्री पंचम लाल गुप्ता (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब चंद्र पसारी-** लाल कुआं हनुमानताल निवासी श्री गुलाब चंद्र पसारी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम निहोर चौधरी-** पोलीपाथर निवासी श्री श्याम लाल चौधरी के पुत्र श्री राम निहोर चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

बड़े तालाब पर रोप-वे और केबल कार के प्रस्ताव को शीघ्र मिलेगी मंजूरी

# निवेश और निर्यात बढ़ाएगा मप्र का सड़क नेटवर्क, रोजगार मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नए राजमार्गों के निर्माण से प्रदेश के न सिर्फ 17 जिलें, बल्कि पूरा प्रदेश लाभान्वित होगा। भोपाल की बड़ी झील से केबल कार और रोप-वे के संचालन पर विचार हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केंद्रीय मंत्री गडकरी मंगलवार को लाल परेड ग्राउंड में लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग के उन कार्यों के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिनका शिलान्यास हुआ।

### धार्मिक पर्यटन नगर, व्यापार उद्योग केंद्र होंगे लाभान्वित


परियोजनाओं से महाकौशल क्षेत्र के गेहूं और धान कृषि व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कटनी के कोयला खदान उद्योग को लाभ मिलेगा। खजुराहो, ओरछा, राष्ट्रीय पेंच टाइगर कॉरिडोर तक कनेक्टिविटी आसान होगी। बुधनी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज और वुड क्राफ्ट व्यापार को लाभ मिलेगा। मप्र, महाराष्ट्र तक यातायात सुगम होगा।

### मप्र के लिए ऐतिहासिक दिनः सिंधिया

*केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मप्र के लिए यह दिन ऐतिहासिक है। आज जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ है, वे पूरे प्रदेश के लिए उपयोगी हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़कों की लम्बाई के विस्तार के साथ ही कार्यों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की है। सिंधिया ने आशा जताई कि मप्र तेज गति से विकास करेगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सड़कों से देश के चारों कोनों को जोड़ने का कार्य हो रहा है। भारत, वर्ष 2047 में विकसित भारत के रूप में दिखाई देगा।*

### परिवहन साधनों के विस्तार पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी लगी

केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़कों के निर्माण, ऑनलाइन और परिवहन साधनों के विस्तार पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी को राम दरबार भी भेंट किया गया।



### अयोध्या बायपास खंड का छह लेन चौड़ीकरण

*जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ। उनमें एनएच-46 के 1239 करोड़ लागत के 17 किमी लंबे अयोध्या बायपास खण्ड का छह लेन चौड़ीकरण कार्य भी शामिल है। इसके अलावा एनएच 146 बी के 805 करोड़ की लागत के 28 किमी लंबाई के बुधनी से शाहगंज खण्ड का चार लेन चौड़ीकरण, एनएच-146 बी के 784 करोड़ लागत के 40 किमी लंबे शाहगंज से बाड़ी खण्ड का चार-लेन चौड़ीकरण, एनएच 552 (विस्तारित) 493 करोड़ लागत की 27 किमी लंबी मुरैना, अम्बाह एवं पोरसा बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण, एनएच-552 (विस्तारित) के 483 करोड़ लागत से 48 किमी लंबाई के मप्र, राजस्थान सीमा से श्योपुर-गोरस का दो-लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण, एनएच 752 बी का 120 करोड़ से 6 किमी लंबाई के ब्यावरा बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण, एनएच-752 सी पर 214 करोड़ से 11 किमी लंबे शुजालपुर बायपास का दो-लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण, एनएच 347 सी पर 468 करोड़ लागत से 32 किमी लंबे कसरावद आदि कार्य शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### मोदी के मन में एमपी नारा नहीं, यह यथार्थ है

**भोपाल।** मोदी के मन में एमपी' सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह एक यथार्थ है। इसी कारण



मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्नेह और आशीर्वाद विकास परियोजनाओं के रूप में लगातार मिल रहा है। बीते 9 सालों में प्रदेश की अधोसंरचना में हुआ कल्पनातीत विकास इसी का प्रमाण है। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जबलपुर एवं भोपाल में सड़क परियोजनाओं के शुभारंभ तथा लोकार्पण एवं मध्यप्रदेश-राजस्थान व केंद्र सरकार के बीच पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के संबंध में हुए त्रिपक्षीय समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने इन विकास परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

### सरकारी और निजी स्कूलों में होगा सर्वे

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निपुण भारत की प्रगति को समझने की दृष्टि से प्रदेश के सभी जिलों के सरकारी और निजी प्राथमिक शालाओं 19 से 23 फरवरी के बीच सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले के सभी विकासखंडों में प्रति विकासखंड लगभग 40-40 शासकीय और निजी स्कूलों का रेंडम आधार पर चयन और सर्वे किया जाएगा। बता दें कि निपुण भारत अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सत्र 2025-26 तक कक्षा 3 तक के बच्चों के लिए निर्धारित लक्ष्यों के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत प्रदेश स्तर पर समय-समय पर सर्वे के माध्यम से बच्चों के शैक्षणिक उपलब्धि के लिए परीक्षण के आदेश जारी किए गए हैं।

जनजातियों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए बेहतर प्रयास किए जाएंगे

# मध्यप्रदेश की तीन विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिलेंगे पक्के घर, नल से जल, घर तक बिजली



- केंद्र सरकार ने पीएम जनमन के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया
- जनजातियों के गांव-गांव तक बेहतर टेलिकॉम कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित होगी
- जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) के विकास और सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीए जनमन) शुरू किया गया है। सशक्त जनजाति, सशक्त भारत सूत्र वाक्य के परिपालन में इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास व कल्याण के लिए भारत सरकार ने पीएम जनमन के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

मप्र के 23 जिलों में बैगा, भारिया एवं सहरिया तीन विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं। पीएम जनमन के तहत भारत सरकार के 9 प्रमुख मंत्रालयों के 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी नागरिक सेवाओं की इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। पीएम जनमन में लक्षित वर्ग, जनजाति समूह के सभी लोगों को उनकी पसंदीदा डिजाईन के अनुसार शौचालय युक्त पक्का मकान बनाकर दिया जाएगा। हर घर में नल से स्वच्छ जलापूर्ति की जाएगी। इन जनजातियों के गांवों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव तक पक्की सड़कें बनाई जाएंगी। इनके घर तक बिजली आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की जाएगी। इन जनजतियों के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए और बेहतर प्रयास किए जाएंगे। स्कूल सह छात्रावास भी निर्मित किए जाएंगे।

### प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में भी कारगर प्रयास किए जाएंगे

*पीएम जनमन के तहत इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के कौशल विकास के लिए इन्हें व्यावसायिक, कौशल प्रशिक्षण देने के अलावा प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में भी कारगर प्रयास किए जाएंगे। बहुउद्देशीय केन्द्र और मोबाइल मेडिकल वैन में एएनएम के माध्यम से सबको स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच के दायरे में लाया जाएगा। सौ से अधिक आबादी वाले प्रत्येक टोलों-मजरों में आंगनबाड़ी केन्द्र से बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता एवं बहुसेवा केन्द्र में भी आंगनबाड़ी की सुविधा देकर सबको पोषण के लक्ष्य की पूर्ति की जाएगी। वनधन विकास केन्द्रों के जरिए इन जनजातियों की आजीविका में सुधार लाने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही इन जनजातियों के गांव-गांव तक बेहतर टेलिकॉम कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जाएगी।*

### पीएम जनमन के लिए मध्यप्रदेश की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 17 जनवरी 2024 को मंत्रालय भोपाल में हुई कैबिनेट की बैठक में मप्र में पीएम जनमन के तहत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याण गतिविधियों को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों के 23 जिलों में नए आंगनबाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों, बहुउद्देश्यीय केंद्रों, सड़कों और आवासों का निर्माण किया जाएगा। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत विशेष जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के ऐसे मजरे टोले, जिनकी जनसंख्या 100 या अधिक है और जहां आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, वहां नए केन्द्र खोले जाएगे।

## आज राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम मुरैना में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक फरवरी को मुरैना में प्रदेश के 7 लाख से अधिक युवाओं को एक दिन में 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार की ऋण राशि देकर युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने के संकल्प की शुरूआत करेंगे। यह ऐसा अवसर होगा जब एक दिन में 7 लाख लोगों के हाथों को एक साथ काम मिलेगा। पहले यह कार्यक्रम 31 जनवरी को होना था। एमएसएमई सचिव एवं उद्योग आयुक्त पी नरहरि ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के साथ ही सभी जिलों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी होगा, जिसमें युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे।

### इन योजनाओं के तहत मिलेगा रोजगार

*प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में 905 को 56 करोड़ 60 लाख, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 802 युवाओं को 54 करोड़ 44 लाख, संत रविदास स्वरोजगार योजना में 62 को 2 करोड़ 41 लाख 36 हजार, डॉ. आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 65 को 13 लाख 35 हजार, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में 18 युवाओं को 97 लाख 5 हजार, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 61 को 2 करोड़ 12 लाख 4 हजार, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 93 को 43 लाख 73 हजार, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक उद्यम में लोन देकर स्वरोजगार स्थापित किया जाएगा।*

### इतने लोगों को एक साथ मिलेगा ऋण

*इस दिन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में सर्वाधिक 6 लाख 32 हजार 574 युवाओं को 4510 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 13812 समूहों को 380 करोड़ 71 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 67 हजार 166 हितग्राहियों को 113 करोड़ 44 लाख, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 943 व्यक्तियों को 12 करोड़ 87 लाख से अधिक, 79 समूह को एक करोड़ 77 लाख तथा 689 समूहों को क्रेडिट लिंकेज में 13 करोड़ 47 लाख 91 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।*

### डिप्टी सीएम शुक्ल ने क्रिकेट टूर्नामेंट पोस्टर का किया विमोचन



*भोपाल। उप मुख्यमंत्री (स्वास्थ्य एवम चिकित्सा शिक्षा मंत्री) राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट का पोस्टर विमोचन किया। आयोजक डॉ. विपिन तिवारी ने बताया कि यह टूर्नामेंट का छठवां वर्ष है, जो 5 फरवरी से अंकुर खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से लोगों को जागरूकता करते है। जिसमें ब्लड डोनेशन कैंप नशा मुक्त प्रदेश रोड सेफ्टी मामले शामिल हैं।*

चुनाव ड्यूटी नहीं करने पर शिक्षक को किया था सस्पेंड

# आईएएस परिहार को शिक्षक ने किया रिश्वत देने का प्रयास, हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छतरपुर जिले में जिला पंचायत सीईओ के पद पर आईएएस तपस्या सिंह परिहार को शिक्षक विशाल अस्थाना द्वारा रिश्वत देना महंगा पड़ गया। मामला छतरपुर जिले के जिला पंचायत का है।

बिजावर जनपद पंचायत के ग्राम कूपी में शिक्षक माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक ने चुनाव के समय ड्यूटी न की थी। समय पर अन्य कार्य भी नहीं किए थे। जिसकी वजह से जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने शिक्षक को सस्पेंड कर दिया था। इस मामले में मंगलवार को जिला पंचायत छतरपुर कार्यालय में जब तपस्या सिंह परिहार अपने कार्यालय में मौजूद थी। इस समय शिक्षक विशाल एक आवेदन लेकर आया। उसके साथ एक लिफाफा भी लिए था, जो उसने सीईओ परिहार को दिया। इसमें 50 हजार रुपए थे। विशाल ने अधिकारी को रिश्वत देने का पेशकश की, लेकिन परिहार ने इनकार करते हुए कोतवाली टीआई को फोन किया और पुलिस को बुला लिया, जिसके बाद पुलिस ने विशाल अस्थाना को गिरफ्तार कर लिया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर मामले की पूंछताछ कर रहे हैं।

## धार के सुधीर रत्नाकर व पीटर दास की 151 करोड़ की संपत्ति अटैच

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धार में एक भूमि घोटाले के आरोपी सुधीर रत्नाकर और पीटरदास की 151 करोड़ रुपए की 56 अचल और दो अचल संपत्तियों को अटैच कर लिया है। अटैच की गई संपत्ति का बाजार मूल्य करीब 151 करोड़ रुपए आंका गया है। यह जानकारी मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दी गई है। जानकारी के अनुसार, जमीन घोटाले में एक चर्च के कुछ लोगों के अलावा कुछ सरकारी अधिकारी और भू-माफिया शामिल है। धार पुलिस ने भी जमीन के इस घोटाले में धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। धार पुलिस ने 23 अक्टूबर, 2022 को अदालत में 16,500 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद उक्त मामले की जांच ईडी ने तेज की। ईडी ने अगस्त में ही छापेमारी की थी। ईडी ने धार के टेरेसा कंपाउंड, मिशन कंपाउंड और शहर के दो अन्य स्थानों पर छापेमारी की थी। इस घोटाले में बड़ी मात्रा में मनी लॉन्ड्रिंग हुई है, जिस कारण मामले को ईडी ने अपने हाथ में लिया था। धार पुलिस फरवरी 2022 में इस जमीन घोटाले का पर्दाफाश कर मामले की जांच कर रही थी।

### स्टेट हेंगर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी को विदाई



**भोपाल।** मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को स्टेट हेंगर से विदाई दी। इस दौरान मंत्री राकेश सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# एनआईटी छात्र ने पटाखों के बारूद से बम बनाकर खुद को उड़ाया, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एनआईटी के मेटलर्जी विभाग के एक छात्रा ने विस्फोटक से खुद को उड़ाने की कोशिश की। इस घटना में छात्र बुरी तरह से घायल हो गया। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सूखे तालाब ज्ञान सरोवर में मंगलवार को खुदकुशी का प्रयास किया। विस्फोटक की वजह से पेट में छेद हो गया है। वहीं सरस्वती नगर थाना पुलिस का कहना है कि स्टूडेंट घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि स्टूडेंट ने अपनी बहन और डाक्टर से चर्चा में सुसाइड की कोशिश करने की बात कही है। पड़ताल जारी है। उधर, घटनास्थल पर जांच में बारूद, बम में इस्तेमाल होने वाले लोहे के छोटे टुकड़े (स्पिलिंटर) मिले हैं।

### मेटलर्जी डिपार्टमेंट का है छात्र

*पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे की है। एनआईटी रायपुर के मेटलर्जी डिपार्टमेंट के छात्र ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के ज्ञान सरोवर (तालाब जो अभी सूख गया है) के बीच में जाकर विस्फोट किया। इस विस्फोट से वह गंभीर रूप से झुलस गया। वह जैसे-तैसे सड़क पर आया। इस बीच लोगों ने धमाके सुना, तो लगा कि कोई छात्र प्रायोगिक कार्य कर रहा है। कुछ देर में लोग वहां पहुंचे तो उनको स्टूडेंट अर्धनग्न अवस्था में दिखा, जो बुरी तरह से झुलस गया है। वह कुछ बोल पाने की हालत में नहीं नजर आ रहा था।*



धान को जब्त कर खाद्य विभाग को सौंपा

# ओड़िसा से पिकअप में लाया 60 बोरी धान पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

राज्य शासन ने पड़ोसी राज्य से अवैध धान मंडियों में खपाने से रोकने सतर्कता बरतते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिला कलेक्टर के दिशा निर्देश पर टास्क फोर्स तथा पुलिस टीम भी मुस्तैदी से जिले में प्रवेश करने वाले मार्गो में बेरियर लगाकर वाहनों की जांच कर रही हैं। जिसमें साइबर सेल तथा चक्रधर नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने ओड़िसा से धान लोड लेकर आ रहे पिकअप वाहन को लोइंग मार्ग में पकड़ा गया। जिसमें लोड 60 बोरी धान को जब्त कर खाद्य विभाग के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस ने किया है।

जानकारी के मुताबिक साइबर सेल की टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि पचगांव ओड़िसा से एक पिकअप में धान लोड होकर गांव के रास्ते रायगढ़ लोइंग जाने निकली है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की टीम तैयार कर रात में ही कार्रवाई के लिए रवाना हुई।

### धान का कुल वजन 26 क्विंटल था

लोइंग मुख्य मार्ग एवं आसपास के रास्तों में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर लगाया गया था। सुबह लोइंग मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी में तिरपाल से ढके ओड़िसा पासिंग के पास पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन को चेक करने पर पिकअप में 60 बोरी धान कुल वजन 26 क्विंटल लोड था। वाहन चालक सागर सतनामी पिता नरहरि सतनामी उम्र 32 साल निवासी पंचगांव झाड़ू पारा थाना रेंगली जिला झारसुगुडा (ओड़िसा) धान के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा खाद्य विभाग को सूचना दी गई। मौके पर फूड इंस्पेक्टर संजीत भगत के सुपुर्द, अवैध धान से भरा ट्रैक्टर सुपुर्द किया गया।

पुलिस चेकिंग के दौरान हत्थे चढ़े तीन युवक

# भिलाई में 2 करोड़ 64 लाख कैश बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस चेकिंग के दौरान तीन युवकों से 2 करोड़ 64 लाख रुपये बरामद किया है। पकड़े गए तीनों शख्स दुर्ग जिले के रहने वाले हैं। पुलिस तीनों संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

थाना भिलाई भट्ठी एवं एसीसीयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कार्रवाई करते हुए तीन युवकों से 2 करोड़ 64 लाख रुपये बरामद किया है। पुलिस ने टीम गठित कर अवैध कारोबार पर नजर रख रही थी। 30-31 जनवरी की दरमियानी रात भिलाई भट्ठी थाना एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम को भिलाई सेक्टर -1 में एसबीआई बैंक के पास खड़ी दो कारों में सवार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अवैध कारोबार से प्राप्त रुपयों के लेनदेन की जानकारी मिली।



### ब्रेजा कार और क्रेटा वाहन में सवार थे आरोपी

सूचना पर थाना भिलाई भट्ठी थाना पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर ब्रेजा कार व क्रेटा वाहन में सवार तीन व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से 2 करोड़ 64 लाख रुपये कैश बरामद किया है। कार में सवार तीनों की पहचान गोविंद चंद्राकर (57 वर्ष), विशाल कुमार साहू (28 वर्ष), पंकज साव (30 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों से पुलिस कैश के बारे में पूछताछ कर रही है।

# बादल के चलते विदा होती ठंड की हुई वापसी, बारिश की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसढ़ में मौसम के मिजाज एक बार फिर बदलने लगे हैं। बेमौसम बारिश और लगातार बदली के चलते विदा होती ठंड की वापसी के चलते वातावरण में अनुकूलता बनी हुई है। इधर, मौसम विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि रायपुर का मौसम मेघमय बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन उसके बाद इसमें फिर से गिरावट आने का अनुमान है। इस तरह फरवरी का पहला सप्ताह भी हल्की ठंड वाला रहने वाला है।

# सरकार से 2जी और 3जी नेटवर्क बंद करने की मांग, जियो का ट्राई को सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में रिलायंस जियो और एयरटेल की ओर से बेशक 5जी रोलआउट की प्रक्रिया पूरी कर ली गई हो लेकिन ढेरों ऐसे यूजर्स हैं, जो 2जी या 3जी नेटवर्क इस्तेमाल करते हैं।

- 2जी और 3जी नेटवर्क को बंद कर यूजर्स को 4जी व 5जी नेटवर्क पर माइग्रेट किया जाए

अब जियो और वोडाफोन-आइडिया (वीआई) ने सरकार से मांग की है कि देश में 2जी और 3जी नेटवर्क्स को बंद किया जाए और सभी यूजर्स को 4जी या 5जी नेटवर्क्स पर माइग्रेट किया जाए। दोनों टेलिकॉम ऑपरेटर्स ने टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से हाल ही में 5जी इकोसिस्टम के जरिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़ा कंसल्टिंग पेपर पब्लिश किए जाने के बाद यह सुझाव दिया है। जियो और वीआई का मानना है कि मौजूदा 2जी और 3जी नेटवर्क यूजर्स को 4जी पर माइग्रेट करना चाहिए, जिससे नए डिवेलपमेंट में मदद मिल सके।

## जियो और वीआई ने कहा गैर जरूरी कास्ट बचाई जा सकेगी

### फिलहाल सामने कई बड़ी चुनौतियां

2जी और 3जी सेवाओं को बंद करते हुए 4जी और 5जी पर माइग्रेशन इतना भी आसान नहीं है। दरअसल, इस मामले में सबसे बड़ी चुनौती 4जी और 5जी सपोर्ट वाले फोन्स और डिवाइसेज की कीमत से जुड़ी है। भारत की बड़ी आबादी सस्ते होने के चलते फीचर फोन्स इस्तेमाल कर रही है, जिनमें से ज्यादातर 4जी सेवाएं सपोर्ट नहीं करते।







### ट्राई ने मांगा था सुझाव

कंसल्टिंग पेपर पब्लिश करने के बाद ट्राई ने भारत में 5जी इकोसिस्टम तैयार करने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने और नए विकल्प यूजर्स को देने से जुड़े सुझाव मांगे थे। जियो और वीआई ने सरकार से मांग की है कि पुराने नेटवर्क इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को नए पर माइग्रेट करते हुए उन्हें फेज-आउट किया जाए।

### 5जी के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम बना चुनौती

5जी कनेक्टिविटी के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम्स उपलब्ध ना होना भी चुनौती साबित हो सकता है। जियो ने सरकार से 6गीगा हार्टस बैंड, फुल सी-बैंड और 28गीगा हार्टस बैंड के अलावा ई-बैंड और वी-बैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी की मांग की है, जिससे बेहतर 5जी का फायदा देशभर में दिया जा सके। हालांकि, ऐसे किसी भी बदलाव का फैसला सरकार की ओर से लंबे विचार के बाद किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सोना 50 रुपए मजबूत चांदी अपरिवर्तित रही



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### पेट्रोनेट एलएनजी को 1,190 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,190.30 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। गैस कीमतों में गिरावट और आयात क्षमता बढ़ने से उनका मुनाफा बढ़ा। पेट्रोनेट को एक साल पहले इसी अवधि में 1,175.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा तीसरी तिमाही में दोगुना

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ करीब दोगुना होकर 1,089.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि अधिक बिक्री और ईंधन तथा कच्चे माल की लागत घटने से उसका मुनाफा बढ़ा। अंबुजा सीमेंट्स अब अदाणी समूह का हिस्सा है।

### पार्क होटल्स ने आईपीओ का मूल्य दायरा तय



**कोलकाता।** एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स ने अपने आईपीओ के लिए प्रति शेयर 147-155 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स के अनुसार, कंपनी की योजना आईपीओ के जरिए 920 करोड़ रुपये जुटाने की है। इसमें 600 करोड़ रुपये ताजा शेयर और 320 करोड़ रुपये बिक्री पेशकश के माध्यम से जुटाने का लक्ष्य है।

### तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वेलर्स का शुद्ध लाभ बढ़ा




**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स का दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21.51 प्रतिशत बढ़कर 180.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 148.43 करोड़ रुपये था। तीसरी तिमाही के दौरान 34.47 प्रतिशत बढ़कर 5,223.07 करोड़ रुपये हो गयी।

### पीवीआर आईनॉक्स का लाभ 12.8 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** पीवीआर आईनॉक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12.8 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को पहले पीवीआर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। पीवीआर आईनॉक्स ने शेयर बाजार यह जानकारी दी। एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में उसने 165 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी की परिचालन आय 1,545.9 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 940 करोड़ रुपये थी।

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी पर आई

# दिसंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


*दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।*

कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी।

बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घटी

दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई।

- एक साल पहले उत्पादन 8 .3 प्रतिशत बढ़ा था
- कच्चा तेल, बिजली और सीमेंट क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन
- केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा



*आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार बढ़ सकती है : इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रमुख बुनियादी उद्योगों के बढ़ने की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर, 2023 में आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार 1-3 प्रतिशत रह सकती है।*

### इस्पात का उत्पादन 5.9 फीसदी रहा

बिजली, इस्पात और सीमेंट का उत्पादन दिसंबर, 2023 में क्रमशः 0.6 प्रतिशत, 5.9 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। दूसरी ओर दिसंबर, 2022 में ये आंकड़े क्रमशः 10.4 प्रतिशत, 12.3 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत थे।

### पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन घटा

समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

### पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 80 फीसदी रहा

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीजीए के अनुसार, शुद्ध कर राजस्व प्राप्तियां दिसंबर, 2023 के अंत में 17.29 लाख करोड़ या पूरे वर्ष के लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत थीं। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 80.4 प्रतिशत था।

### सरकार का राजकोषीय घाटे को नीचे लाने का लक्ष्य

केंद्र सरकार का अप्रैल-दिसंबर की अवधि के दौरान कुल व्यय 30.54 लाख करोड़ रुपये या चालू वर्ष के बजट अनुमान (बीई) का 67.8 प्रतिशत था। पिछले वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में व्यय बजट अनुमान का 71.4 प्रतिशत था। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग को जारी रखते हुए सरकार का इरादा 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य है।

### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था।

## निफ्टी 21,700 अंक के पार

# बजट से पहले बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंककी तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ।

- एचडीएफसी बैंक और रिलायंस में खरीदी से बाजार में तेजी

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंककी बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।


# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को दीपम से सूचीबद्ध कराने मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी को अपनी पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) को सूचीबद्ध कराने के लिये निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) से मंजूरी मिल गयी है।

एनजीईएल की इस सूचीबद्धता के जरिये 10,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। एक सूत्र ने कहा कि एनजीईएल 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मार्च के बाद कभी सूचीबद्धता के लिए कदम उठा सकती है। सूत्र ने कहा कि एनजीईएल सूचीबद्धता के लिए एनटीपीसी के प्रस्ताव को निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग से मंजूरी मिल गयी है।

कंपनी जुटायी गयी राशि का उपयोग ऊर्जा बदलाव यानी हरित ऊर्जा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए करेगी। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने दिसंबर में पीटीआई-भाषा से कहा था कि उनकी कंपनी अगले 1-2 साल में अपनी हरित ऊर्जा इकाई को सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही है, क्योंकि उसे भविष्य में बिजली की अधिक मांग की संभावना दिख रही है।




- एनजीईएल सूचीबद्धता के जरिए 10 हजार करोड़ की राशि जुटाएगी
- कंपनी जुटाई गई राशि का उपयोग हरित ऊर्जा में करेगी

### कंपनी 2030 तक 60 हजार मेगावाट क्षमता हासिल करेगी

कंपनी ने 2030 तक 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। यह तय समय से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है। एनटीपीसी की पूर्ण अनुषंगी इकाई की वर्तमान में क्षमता 3,400 मेगावाट से अधिक है। जबकि 26,000 मेगावाट की परियोजनाएं विभिन्न स्तरों पर हैं।

# एप्पल भारतीय स्मार्टफोन बाजार में राजस्व के मोर्चे पर अव्वल

- संख्या के मामले में सैमसंग आगे : रिपोर्ट
- एप्पल भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन विनिर्माता एपल वर्ष 2023 में राजस्व के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई, जबकि सैमसंग ने बिक्री के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

बाजार शोध फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल भारतीय बाजार में स्मार्टफोन की बिक्री 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ कमोबेश स्थिर बनी रही। लेकिन सैमसंग और चीनी फोन विनिर्माता वीवो एवं ओप्पो अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहीं। रिपोर्ट कहती है, भारत पर एप्पल की नजर होने पर उसे एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। इस तरह एपल भारतीय बाजार में पहली बार राजस्व के नजरिये से पहले स्थान पर पहुंच गई। आईफोन के पुराने एवं नए मॉडलों के लिए मजबूत मांग से इसे बल मिला।



### शाओमी पहले स्थान से खिसक तीसरे स्थान पर

इस दौरान चीन की कंपनी शाओमी पहले स्थान से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई। उसकी बाजार हिस्सेदारी 16.5 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2022 में यह 20.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट कहती है, वृहद-आर्थिक गतिरोधों के चलते साल की पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी जिससे मांग में कमी और स्टॉक जमा होने की स्थिति भी रही।

## चीन में लगातार चौथे महीने विनिर्माण गतिविधियां घटी

**सिंगापुर।** चीन में विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में लगातार चौथे महीने गिरावट आई है। यह कमजोर मांग और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सुस्त पुनरुद्धार का संकेत है। आधिकारिक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी में 49.2 रहा, जो दिसंबर 2023 में 49.0 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। 'कुल मिलाकर पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि चीन की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत नरम बनी हुई है...' वैश्विक महामारी के बाद अप्रत्याशित रूप से लंबी कमजोरी के बीच अर्थव्यवस्था पिछले साल 5.2 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी।

## मारुति का तीसरी तिमाही में मुनाफा 33.27 % बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.27 प्रतिशत बढ़कर 3,207 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में मुनाफा 2,406 करोड़ रुपये था। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 15 प्रतिशत बढ़कर 33,513 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 29,251 करोड़ रुपये थी।



- देश की सबसे बड़ी कार कंपनी का लाभ बढ़कर 3207 रुपए

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि में आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 5,01,207 वाहन बेचे, जबकि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में उसने 4,65,911 वाहन बेचे थे। एमएसआई के अनुसार, छोटी कार खंड में गिरावट जारी रहने के बावजूद कंपनी ने घरेलू बाजार में 4,29,422 इकाइयों की बिक्री दर्ज की। 2022 की समान अवधि में उसने घरेलू बाजार में 4,03,929 वाहन बेचे थे।

## सुजलॉन एनर्जी के लाभ में 160 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 160 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 203.04 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में मुनाफा 78.28 करोड़ रुपये था। सुजलॉन एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,569.71 करोड़ रुपये हो गई। 2022 की समान अवधि में यह 1,464.15 करोड़ रुपये थी। सुजलॉन समूह के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही मजबूती वृद्धि के साथ संपन्न हुई...' उन्होंने कहा, ' हम क्षेत्र की अपेक्षित वृद्धि के अनुरूप अपने सेवा व्यवसाय में एक बेहतर ग्राहक अनुभव, एक मजबूत संगठन और प्रबंधन संरचना बनाने की दिशा में अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

## विश्व स्वर्ण परिषद ने 'सोने की मांग का रुझान' पर रिपोर्ट जारी की

# ऊंची कीमतों के कारण भारत में सोने की मांग घटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत में सोने की मांग 2023 में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 747.5 टन रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'सोने की मांग का रुझान' रिपोर्ट-2023 के अनुसार, 2022 में देश की कुल सोने की मांग 774.1 टन थी, जो 2023 में 747.5 टन पर आ गई।

- वर्ष 2023 में सोने की मांग तीन फीसदी घटकर 747 .5 टन रही

डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी.आर. ने से कहा, ''भारत की 2023 में सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन रह गई। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इसकी मांग प्रभावित हुई है। अक्टूबर में नवरात्रि के दौरान सोने की कीमतों में 'करेक्शन' की वजह से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की। इससे नवंबर में दिवाली के समय सोने की बिक्री तेज रही।"

### सोना घरेलू बाजार में 62 हजार के करीब पहुंचा

वर्ष 2023 में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। चार मई को घरेलू बाजार में सोने की कीमत 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई थी। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस पर पहुंची। यह प्रवृत्ति जारी रही और 16 नवंबर को सोने की कीमत 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



### दिसंबर में मांग में आई थी गिरावट

सोमसुंदरम ने कहा, 'हालांकि, दिसंबर में मांग में गिरावट आई क्योंकि सोने की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का रुख शुरू हो गया है। इसके चलते 2022 की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही में आभूषणों की मांग में नौ प्रतिशत की गिरावट आई।'

### कीमतें स्थिर रही तो मांग में आएगा उछाल

सोमसुंदरम ने कहा कि 2024 की बात करें तो भारत की सोने की मांग को मौजूदा सकारात्मक आर्थिक स्थितियों से फायदा होना चाहिए। अगर कीमतें ज्यादा अस्थिर नहीं रहीं तो मांग में बड़ा उछाल आने की संभावना है, जो 800-900 टन के बीच कहीं भी हो सकता है।

### अदाणी विल्मर के लाभ में 18 फीसदी गिरावट




**नई दिल्ली।** खाद्य तेल कंपनी अदाणी विल्मर लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि दिसंबर तिमाही में आमदनी घटने से उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घटकर 200.89 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही के नतीजों की सूचना दी है। एक साल पहले की समान अवधि में इसका शुद्ध लाभ 246.16 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर 12,887.60 करोड़ रुपये रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 15,515.55 करोड़ रुपये थी।

## 1 दिल्ली में बारिश

दिल्ली का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस

बर्फ की सफेद चादर से पहाड़ गुलजार



नई दिल्ली। बर्फ की सफेद चादर से पहाड़ गुलजार हो गए हैं। जनवरी महीने के आखिरी दिन भी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड है। बुधवार सुबह दिल्ली का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ी राज्य जैसे जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में बर्फबारी हो रही है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ चुका है।

## 2 जम्मू में चिल्ले कलां समाप्त

घाटी के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी

6 फरवरी तक मौसम के बदले रहेंगे तेवर



श्रीनगर/जम्मू। हिमपात के साथ कश्मीर में सबसे ठंडे 40 दिनों का चिल्ले कलां मंगलवार को समाप्त होते ही बुधवार से श्रीनगर समेत आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन रुक-रुककर वर्षा होती रही तो देर शाम को गुलमर्ग समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई थी। बर्फ जमी होने से मुगल रोड पांचवें दिन भी बंद रहा। कटड़ा में भी वर्षा के चलते वैष्णो देवी यात्रा के लिए हेलीकाप्टर सेवा दोपहर के बाद से प्रभावित रही।

## 3 हिमाचलः अटल टनल में 1 फीट बर्फबारी

सड़क पर फिसलने लगे वाहन


प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रवेश




शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। कुल्लू जिले में अटल टनल, लाहौल स्पीति और चंबा के भरमौर की ऊंची चोटियों पर शाम को बर्फ गिरी। अटल टनल और भरमौर में 1 फीट तक ताजा बर्फबारी दिखी है। मध्यरात्रि से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रवेश हो गया है, जिसके चलते बारिश और बर्फबारी होने लगी है। 3 फरवरी को फिर से मौसम खराब होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### चीनी जासूसी कबूतर 8 महीने बाद रिहा



**मुंबई।** चीन के द्वारा जासूसी के लिए भेजे गए संदिग्ध कबूतर को 8 महीने पहले पकड़ा गया था। कबूतर को मुंबई के एक पशु चिकित्सालय में रखा गया था। उस कबूतर को आजाद कर दिया गया है। कबूतर को पिछले साल मई में आरसीएफ पुलिस ने उपनगरीय चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़ा था। कबूतर के पंजे में दो छल्ले बंधे थे। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में मैसेज लिखे थे। जांच पूरी होने के बाद जासूसी का आरोप हटा दिया गया।

### भारत समर्थक अभियोजक जनरल पर जानलेवा हमला



**माले।** भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मालदीव की संसद में विपक्षी दलों के सांसदों के साथ राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कैबिनेट की मारपीट के वीडियो ने खूब सुर्खियों बटोरी थीं। वहीं अब मालदीव में भारत समर्थक अभियोजक जनरल हुसैन शमीम के ऊपर कुछ अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार किया है। शमीम की नियुक्ति भारत की पक्षधर (एमडीपी) ने की थी। एमडीपी की पिछले साल तक मालदीव में सरकार थी।

### चीनी सैनिकों और चरवाहों के बीच बहस का सामने आया वीडियो

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन लद्दाख एलएसी पर चरवाहों को रोका

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। भारतीय सीमा में भी चीन अब चरवाहों को रोकने लगा है।

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। अब एएलएसी से चीनी सैनिकों द्वारा लद्दाख में एलएसी पर भारत के चरवाहों को अपने मवेशियों को चराने से रोकने की घटना सामने आई है। एलएसी पर अपनी भेड़ें चरा रहे लद्दाख के चरवाहों को चीनी पीएलए द्वारा रोका गया है। यह घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में हुई। न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में और चुमथांग से 40 किमी दूर है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएलए द्वारा भारतीय चरवाहों को रोके जाने की घटना 2 जनवरी की है और अब इसे सुलझा लिया गया है।

**खास बातें**

- एलएसी पर अकसर चीन करता है घुसपैठ की कोशिश
- घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में की है
- न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में है



न्योमा इलाके में अपने पॉइंट पर थे भारतीय सैनिक

चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की

### चरवाहों ने चीनी पीएलए के सामने दिखाई बहादुरी

*घटना के बारे में चुशूल के काउंसलर कोंचोक स्टैनजिन सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहते हैं कि देखिए हमारे स्थानीय लोग पीएलए के सामने कैसे बहादुरी दिखा रहे हैंङ्ग यह क्षेत्र हमारे खानाबदोशों की चरागाह भूमि है। पीएलए हमारे खानाबदोशों को हमारे क्षेत्र में चरने से रोक रही है। ऐसा लगता है कि विभिन्न धारणाओं के कारण यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है। लेकिन मैं हमारे खानाबदोशों को सलाम करता हूं, जो हमेशा हमारी भूमि की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं और राष्ट्र की दूसरी गार्जियन फोर्स के रूप में खड़े होते है।*

### दावाः चीनी सैनिक 1 किमी भारतीय सीमा में घुसे

स्टैनजिंग ने दावा किया कि घटना के समय समय चीन के सैनिक भारतीय क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर अंदर आ गए थे। आपको बता दें कि साल 2020 में, लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटा में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे जबकि चीनी पीएलए के 40 सैनिक मारे गए थे।

### वायरल हो रहा घटना का वीडियो

*सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटना की वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लद्दाख के चरवाहे चीनी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वीडियो में चीनी सैनिकों के पास एक वाहन भी देखा जा सकता है। इलाके में भारत का कोई भी सैनिक दिखाई नहीं दे रहा है। वीडियो में लद्दाखी चरवाहों को चीनी सैनिकों का सामना करते हुए दिखाया गया है, जिनके साथ एक वाहन भी है। पीएलए सैनिकों को चरवाहों को इलाका छोड़ने के लिए कहते देखा जा सकता है। वीडियो में कोई भी भारतीय सैनिक नजर नहीं आ रहा है।*

बोले कनाडा के सांसद चंद्र आर्य

# 'हिंदुओं के लिए नए युग की शुरूआत'

*राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की विश्वभर में अभी भी सुनाई दे रही धूम*

*कनाडा में लगभग 115 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोगों ने देखा है*

एजेंसी ▶▶ ओटावा

अयोध्या में 22 जनवरी को हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दुनियाभर से अभी भी तमाम प्रतिक्रियाएं आ रही है। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की सराहना करते हुए भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि दुनियाभर में 1.2 अरब हिंदुओं के लिए एक युग की शुरूआत है। सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि उन्होंने ओटावा स्थित हिंदू मंदिर में इस भावनात्मक क्षण के समारोह को लाइव कवरेज के जरिए देखा। दुनिया के सबसे पुराने धर्म के इतिहास में 22 जनवरी 2024 एक नए युग की शुरूआत हुई।



### प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या नगरी भक्तिमय

खास बात है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने विश्वभर के देशों के लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कई देशों में लोगों ने बड़े स्तर पर मिट्टी के दीए जलाए साथ ही भारत के कई इलाकों में रात के समय जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान अयोध्या नगरी पूरी तरह से भक्तिमय हो गई। गलियों और सड़कों में राम नाम ही सुनाई दे रहे थे।

### प्राण प्रतिष्ठा एक भावनात्मक क्षण

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि अयोध्या में दिव्य राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम को पूरे कनाडा में मौजूद लगभग 115 मंदिरों में लोगों ने देखा है, जो वास्तव में एक भावनात्मक क्षण था। भारत और कनाडा को एक-दूसरे का साझेदार बताते हुए सांसद आर्य ने कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के लिए अपनी सभ्यता का पुनर्निर्माण कर रहा है। दोनों देश आर्थिक अवसरों को साझा करने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए हम एक प्राकृतिक साझेदार हैं।

हजारों भारतीय होंगे लाभान्वित

# अमेरिका ने शुरू किया एच 1बी वीजा का नवीनीकरण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में नवीनीकरण करने के एक पायलट कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुरू किया है। इससे हजारों भारतीय टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को लाभ मिलने की संभावना है। वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल





जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गयी थी। यह करीब दो दशक में पहली बार है जब सीमित संख्या में एच-1बी गैर अप्रवासी वीजा धारक अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे।

### आतंकी हमलों से दहल उठा बलूचिस्तान, 15 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 3 समन्वित हमले किए, जिनमें 4 अधिकारी और 2 नागरिक मारे गए। इस दौरान गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें 9 आतंकवादी ढेर हो गए। 3 हमलों में से एक हमला उच्च सुरक्षा वाली जेल पर भी किया गया। ये हमले सोमवार को प्रांतीय राजधानी क्वेटा से करीब 70 किलोमीटर दूर माच शहर में हुए। 29 और 30 जनवरी की रात को, आत्मघाती हमलावरों सहित कई आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में माच और कोलपुर परिसरों पर हमला किया। हमलों का कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। गोलीबारी में 9 आतंकवादी मारे गए।

ड्रग्स के धंधे से खड़ा किया साम्राज्य

# भारतीय मूल के ब्रिटिश दंपती को मिली 33 साल की सजा



एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय मूल के इस ब्रिटिश जोड़े की कहानी किसी क्राइम सीरियल से कम नहीं। इस जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से ज्यादा कोकीन तस्करी का दोषी पाते हुए 33 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इस कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.70 करोड़ पाउंड (करीब 600 करोड़ रुपये) बताई है। पश्चिम लंदन के ईलिंग में रहने वाली 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा को ड्रग्स तस्करी रैकेट का सरगना बताया गया है, जिनका जाल कई महाद्वीपों तक फैला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने इन दोनों को कोकीन तस्करी के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया। मई 2021 में सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल द्वारा कोकीन पकड़े गए थे।

भूटान के राजदूत बोले- यह तीर्थभूमि

## अबुधाबी के मंदिर पहुंचे कई देशों के प्रतिनिधि

उद्घाटन से पहले मंदिर में दर्शकों की लगी भीड़



**अबु धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन से पहले यहां दुनियाभर के 42 देशों के राजनायिक देखने पहुंचे। सभी राजनायिक मंदिर की वस्तुकला, जटिल रूपांकनों और एकता के संदेशों को देखकर खुश हुए। यूएई में भारतीय दूतावास राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महंत स्वामी महाराज करने वाले हैं। बीएपीएस हिंदू मंदिर प्रोजेक्ट के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने भारत और यूएई का आभार व्यक्त किया। यूएई में नेपाल के राजदूत तेज बहादूर छेत्री ने मंदिर को तीर्थभूमि बताया। वहीं थाईलैंड के राजदूर सोरायुत चसोम्बत ने कहा कि यह सद्भाव का बड़ा उदाहरण है।

निकट भविष्य में भारत बनेगा रोजगार का बड़ा जरिया, तीर्थ स्थलों के विकास पर जोर

# भारत में 'हैरिटेज टूरिज्म' के प्रति दुनियाभर में बढ़ रही है रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 'हैरिटेज टूरिज्म' के प्रति दुनिया में रुचि बढ़ रही है। यह बात संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कही। दरअसल, राष्ट्रपति ने 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में देशभर में पर्यटन क्षेत्र, तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत सरकार द्वारा की गई उपलब्धियों और विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार भारत को बैठकों और प्रदर्शनियों से संबंधित क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य भी बनाना चाहती है। इसके लिए भारत मंडपम और यशोभूमि जैसा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। आने वाले समय में पर्यटन रोजगार का एक बड़ा जरिया बनेगा।

**खास बातें**

- संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया संबोधित
- पर्यटन युवाओं को रोजगार देने वाला एक बड़ा क्षेत्र
- विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी

### पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि का कारण भारत का बढ़ता कद

राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि का कारण भारत का बढ़ता कद है। आज दुनिया भारत को और जानना चाहती है। इसके अलावा बेहतरीन कनेक्टिविटी से पर्यटन का दायरा भी बढ़ा है। विभिन्न स्थानों पर हवाई अड्डों का निर्माण भी इस दिशा में लाभदायक साबित हो रहा है। यही वजह है कि नॉर्थ-ईस्ट में अब रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। केवल इतना ही नहीं, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप को लेकर उत्साह चरम पर है।



**पर्यटन में अभूतपूर्व काम**

*पर्यटन युवाओं को रोजगार देने वाला एक बड़ा क्षेत्र है। पिछले 10 वर्षों में सरकार ने पर्यटन के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। भारत में घरेलू पर्यटकों की संख्या के साथ-साथ भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। सरकार ने देश भर में तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर जोर दिया है। इससे भारत में टूरिज्म के प्रति दुनिया में दिलचस्पी बढ़ रही है।*

### पिछले एक साल में 8.5 करोड़ लोग आए काशी

पिछले एक साल में 8.5 करोड़ लोग काशी आ चुके हैं। वहीं 5 करोड़ से ज्यादा लोग महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। 19 लाख से अधिक लोग केदारधाम के दर्शन कर चुके हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 5 दिनों में ही 13 लाख श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण, भारत के हर हिस्से में तीर्थ स्थलों पर सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है।

टीम भारत में करेगी स्टडी

# बंदरों के आंतक से नेपाल को चीन नहीं भारत दिलाएगा मुक्ति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के लोग बंदरों के आतंक से परेशान है। इसलिए नेपाल में बंदरों के आतंक को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें इस समस्या के समाधान को लेकर चिंताएं जाहिर की गई। अब बंदरों के आतंक से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए नेपाली सांसदों और डॉक्टरों की एक टीम भारत का दौरा करेगी। टीम भारत में उन तरीकों के बारे में जानकारी हांसिल करेगी जिससे बंदरों की आबादी को नियंत्रित किया जा सकता है। टीम बंदरों की आबादी को रोकने लिए भारत में स्टडी करेगी।

## हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# छह दशक से कानूनी पेंच में फंसा है प्रकरण

जबलपुर।

जमीन संबंधित प्रकरण पिछले छह दशकों से कानूनी पेंच में फंसा हुआ है। राजस्व मंडल से लेकर सर्वेच्च न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हुई थी। सर्वेच्च न्यायालय के निर्देश पर पेश किये गये आवेदन को आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा खारिज किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में पुनः याचिका दायर की गयी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



कटनी निवासी याचिकाकर्ता श्याम सुंदर शर्मा व अन्य नौ की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि कटनी के ग्राम झुकेही में बद्री प्रसाद के नाम पर जमीन थी। उन्हें साल 1960 में सीलिंग एक्ट के तहत नोटिस जारी किये गये थे। भूमि स्वामी की साल 1963 में मौत हो गयी थी। इसके बाद साल 1964 में मृत व्यक्ति के नाम पर आदेश जारी कर दिये गये। जिसके खिलाफ राजस्व मंडल ग्वालियर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गयी थी। राजस्व मंडल ग्वालियर ने साल 1983 में आदेश को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया था। राजस्व मंडल ने मृत व्यक्ति के उत्तराधिकारियों का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर सुनवाई के अवसर प्रदान करने आदेश जारी किए थे। आदेश का परिपालन नहीं होने के खिलाफ हाईकोर्ट तथा उसके बाद सर्वेच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। सर्वेच्च न्यायालय ने साल 2022 में पारित अपने फैसले में प्रकरण का निराकरण छह माह में करने के आदेश जारी किये थे। आयुक्त भू-अभिलेख के याचिकाकर्ता का आदेश इस आधार पर खारिज कर दिया कि सीलिंग एक्त के तहत विवाहित पुत्री परिवार की परिभाषा में नहीं आती है। जिसे चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने उक्त आदेश को असंवैधानिक बताते हुए एकलपीठ को बताया कि सीलिंग एक्ट की कार्यवाही के दौरान मूल धारक की मृत्यु होने की स्थिति में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू होना चाहिये। एकलपीठ ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## शशांक, दयानंद, प्रांजल बने स्ट्रांगमेन

**जबलपुर।** जिला कार्पोरेशन स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता गत दिवस संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि महापौर जगतबहादुर सिंह अन्ने, भाजपा महामंत्री रत्नेश सोनकर, डॉ. प्रशांत मिश्रा ने हनुमानजी की पूजा के पश्चात प्रतियोगिता आरंभ कराई। प्रतियोगिता में सभी हेल्थ क्लब के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सब जूनियर पुरुष वर्ग में शशांक शुक्ला स्ट्रांगमेन, जूनियर पुरुष वर्ग में स्वामी दयानंद स्ट्रांगमेन, सीनियर पुरुष वर्ग में प्रांजल राठौर स्ट्रांगमेन का खिताब अपने नाम किया, वहीं मास्टर पुरुष वर्ग में अनिल पटेल एवं महिला वर्ग में मेघा पांडे ओवरआल विजेता रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अमित सोनकर, मुकेश विश्वकर्मा, रोमित सिंह, सुनीता पंच, मदन पासी, नीरज अजमेरे, राजेन्द्र यादव, आशीष कुरील, लक्की पटेल, कमल समद, ऋषि राज बिजू, आसिफ अली, प्रदीप पटेल, नितिन कोरी, श्याम सिंह दाई, मनोज राजपूत, शादाब अंसारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## परसराम गर्ल्स हा.से. स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**जबलपुर।** परसराम गर्ल्स हायर सेकण्डरी स्कूल का 37वां वार्षिकोत्सव शाला प्रांगण में विधायक सुशील तिवारी इन्दु के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया, वहीं विद्यालय में प्रथम, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक देशभक्ति, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शाला प्रबंधक दुलीचंद देवानी सहित समस्त अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## लाइफ साइंस सिर्फ साइंस की ही नहीं वरन सम्पूर्ण प्राणी जगत के व्यवहारों की शाखा

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में 24 से 31 जनवरी तक सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका विषय 'नवीनतम रुझानों पर बहुआयामी दृष्टिकोंण और कॅरियर विकास में उभरते अवसर (हाइब्रिड मोड) रहा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टार्टअप इंडिया मेंटोर, मैनेजर स्मार्ट सिटी इंक्यूवेशन सेंटर जबलपुर से श्वेता नामदेव ने बताया कि राज्य और शहरी स्थानीय निकायों की स्मार्टसिटी के विकास में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इस स्तर पर स्मार्ट नेतृत्व और दृष्टि एवं निर्णायक कार्यवाही करने की क्षमता मिशन को सफल बना सकती है। नीति निर्माताओं, कार्यान्वयन करने वालों एवं अन्य हितधारकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्य करने की आवश्यकता है जिसमें संस्थागत, सामाजिक एवं आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर बायो डिजाइन इनोवेशन सेंटर रादुविवि जबलपुर से प्रो. शार्दूल सिंह संधु पधारे, उन्होनें लाइफ साइंस में नवाचार प्रकृति के समाधान से लेकर जटिल समस्याओं तक की प्रेरणा विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होनें बताया कि लाइफ साइंस सिर्फ साइंस की ही शाखा नहीं है, वरन सम्पूर्ण प्राणी जगत के विविध व्यवहारों की शाखा है। इसके अन्तर्गत जीवित पदार्थों के उद्भव, विकास, आहार एवं जनन आदि जैसी अनेक जैविक क्रियाओं का प्रयोगात्मक अध्ययन किया जाता है।



## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया कैलेंडर का विमोचन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागीय प्रकोष्ठ जबलपुर का कैलेंडर विमोचन सम्माननीय माननीय श्री महेंद्र शर्मा प्रांत अध्यक्ष के करकमलों द्वारा किया गया, जिसमें सम्माननीय संरक्षक महोदय चुरामन रैकवार सम्माननीय मार्गदर्शक निहाल सिंह जाट संभागीय अध्यक्ष अजय दुबे, संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पीपरे, संभागीय संरक्षक महोदय रामकुमार मेहरा, सहदेव रजक, प्रमोद कुमार, रविंद्र राय, प्रेम नारायण ठाकुर, समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति प्रशासनीय थी।

## हितकारिणी महिला महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर संगोष्ठी आयोजित

जबलपुर।

बौद्धिक संपदा से मजबूत बनकर ही हम दुनिया में नवाचार का पावरहाउस बन सकते हैं। और इस दिशा में बौद्धिक संपदा अधिकारों को संरक्षण दिए बिना हम विश्व के डिजाइन हब नहीं बन सकते। बौद्धिक संपदा हमारे देश की प्रगति की आधारशिला है। इनके माध्यम से युवाओं की प्रतिभा में ज्यादा निखार आता है। उक्त बातें बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर हितकारिणी सभा, हितकारिणी महिला महाविद्यालय और महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सेठ गोविंददास प्रेक्षागृह, गोलबाजार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर अतिथियों ने कहीं। इससे पूर्व शहीद दिवस के मौके पर महात्मा गांधी की फोटो पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गयी। मुख्य वक्ता बायो डिजाइन इनफॉर्मेशन सेंटर और एएससी रादुविवि के डायरेक्टर डॉ एसएस संधु ने कहा कि बौद्धिक संपदा



अधिकारों का संरक्षण स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया की सफलता के लिए बेहद आवश्यक है।

इस दौरान पूर्व विधायक और महाकोशल शहीद स्मारक के ट्रस्टी नित्यनिरंजन खंपरिया, हितकारिणी सभा के सचिव, उद्योगपति और समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, उच्च शिक्षा विभाग के एसओडी डॉ पवन तिवारी सहित स्टाफ, कर्मचारी और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

## स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा एवं पार्षद श्री शरद श्रीवास्तव जी, सी.एस.आई. विष्णुकांत दुबे जी की उपस्थिति जोन 07 वॉर्ड 61 में स्लम क्षेत्र मे नुकड़ नाटक कराया गया जिसमें लोगो को यह समझाइश दी गई की अपने आस पास कचरा ना फैलाने, और जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा पृथक्कीकरण होमकम्पोस्टिंग, कचरा नाली और रोड मे न फेंकने, एवं कचरे को डोर टू डोर गाड़ी मे ही डाले सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आस पास साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने की अपील की।





## सरदार कप का फाइनल महा मुकाबला

**जबलपुर।** 10 जनवरी से लगातार चल रहा प्लास्टिक बॉल टूर्नामेंट रात्रि कालीन आज फाइनल का महा मुकाबला एशिया एलाइंस एवं बुनियाद क्लब के बीच फाइनल का महा मुकाबला खेला गया जिसमें इस मैच को 10 ओवरों के रूप में खेला गया वहीं पूरे नियम अनुसार सारे नियम के तहत यह टूर्नामेंट चालू था एशियाई एयरलाइंस के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया बेहतरीन पारी खेलते हुए 154 रनों का लक्ष्य बुनियाद क्रिकेट क्लब के सामने रखा वही बुनियाद क्रिकेट क्लब ने अपनी दूसरी पारी में बुनियाद क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों द्वारा के किया गया लेकिन आखिरी ओवर पर मैच एशिया एलायंस के पहले पर गया और बुनियाद क्रिकेट क्लब हार गई और इस महा मुकाबले में एशियाई एलायंस ने सरदार कप में अपनी जीत हासिल कर इस फाइनल के महा मुकाबला को जीत लिया। फाइनल के इस महा मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे शहर जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अनु, पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कदीर सोनी उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा बाजपेयी की अध्यक्षता में सपन्न हुई । कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. ज़रीना जॉन चौधरी के निर्देशन में सपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय विक्टोरिया अस्पताल जबलपुर के एड्स विभाग के डॉक्टर आर के झारिया C.S.O., Disha (MPSACS) थे इसके अलावा भी भी दिर विशेष चन्द्र गुप्त, रेड रिबन प्रभारी एवं प्रशांत श्रीवास्तव डी एम डी ओ, दिशा थे । डॉ. झरिया ने बच्चों को एड्स संबंधी जानकारी दी उन्होंने STD एवं RTI संबंधी बिमारियों के बारे में बताया । उन्होंने एड्स के कारण



लक्षण एवं रोकथाम संबंधी जानकारी दी । कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने प्रश्न डॉ. झरिया से पूछे एवं उन्होंने उनका बहुत तर्कपूर्ण उत्तर भी दिए । कार्यक्रम में कुल 100 छात्राए उपस्थित थी।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. रागनी अग्रवाल, डॉ. उमेश कुमार दुबे, डॉ. वीना श्रीवास्तव, डॉ. बिंदु शर्मा, श्रीमती रेणु बाला घई, श्रीमती उषा जैन आदि उपस्थित रही । एवं जनभागीदारी शिक्षकों की भी सहभागिता रही।

## शासकीय कालोनियों एवँ स्कूल कॉलेजों के आसपास से हटाया जाए अवैध अतिक्रमण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष राबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नगर निगम अधिकारी कर्मचारी की मदद से, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों और क्षेत्रिय प्रभावशाली लोगों की सहायता से शासकीय आवासीय कॉलोनी, कार्यालय,स्कूल, कॉलेज परिसर एवम उसके पास आये दिन कुछ ना कुछ अवैध अतिक्रमण होते रहते है, चाय के टपरे जिनमें नशीली वस्तुये बेची जाती है, एवम झुग्गियां, दुकान और मकान विकसित होते जा रहे हैं, परंतु इसकी सुध ना तो नगर निगम लेता है ना ही लोक निर्माण विभाग ना कोई अन्य, इन्ही की हीलाहवाली के चलते अतिक्रमणकारियो के द्वारा अतिक्रमण कर कबजा कर लिया जाता है। संघ के जिलाध्यक्ष-राबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौड़, राकेष श्रीवास, एनोस विक्टर, सुरेन्द चौधरी, गुडविन चाल्स, देवेन्द्र भट, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, धनराज पिल्ले, राजकुमार यादव, आदि ने कमिश्नर और कलेक्टर महोदय से मांग की है की मामले को संज्ञान मे लेते हुए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और राजस्व अमले को अतिकृमन हटाये जाने हेतु निर्देश जारी करें।



## राजेश पटेल जबलपुर से अयोध्या तक करेंगे पदयात्रा

**जबलपुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल. पराम्बा धाम के संस्थापक भागवताचार्य पं. श्री बाल गोविंद शास्त्री जी, मदन महल काली मठ के संस्थापक महंत श्री कालीनंद महाराज जी, भागवताचार्य शरद शास्त्री जी, महाराज एवं रामभक्त भाई साहब राजेश पटेल, एडवोकेट आशीष अवस्न्धी, दीपक अवस्थी मौजूद रहे पत्रकारवार्ता बताया कि जबलपुर के ग्राम बरौदा चौराहा निवासी भाई साहब राजेश पटेल जिनको रामचरित मानस में एवं प्रभु श्री राम मे अपार श्रद्धा है जिसके चलते उन्होने अपने संपूर्ण जीवन काल में 108 रामचरित मानस पाठ का संकल्प लिया है जिसके चलते वह अपने 23 पाठ जबलपुर एवं इसके पास लगे क्षेत्रों के मंदिर स्थानों पर जाकर पूरा कर चुके है एवं इन्होने संकल्प लिया था कि इनके जीते जी यदि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण होगा तो वह पैदल पदयात्रा जबलपुर से अयोध्या तक की करेगें एवं एक बार वहा भी जाकर पाठ करेगें इस परिप्रेक्ष्य में राजेश पटेल दिन गुरुवार को 1 फरवरी 12 बजे अपने निज निवास ग्राम बरौदा से पनागर सिहोरा कटनी मैहर सतना होकर जायेगें लगभग ये यात्रा 20 से 25 दिनों की होगी जहा अयोध्या में प्रभु श्री राम दर्शन के साथ वह अपना पाठ भी करेगें।



## खालसा स्कूल रांझी के विद्यार्थियों को अरदास के साथ प्रवेश पत्र वितरित

जबलपुर। पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के चालू होने पर खालसा स्कूल रांझी एवं खालसा पब्लिक स्कूल रांझी के छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षिकाओं ने रांझी गुरुद्वारा में माथा टेका एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य, अच्छे परिणाम एवं सर्वत्र भले की अरदास मुख्य ग्रंथी सतनाम सिंह ने की। तत्पश्चात शाला प्राचार्य शशि रजक ने विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए। आयोजन में पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जग्गी, सचिव अमरजीत सिंह अलग, सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, कुलवंत सिंह जॉली, तरनदीप सिंह नंदा, कंवलजीत सिंह सचदेवा, हरदीप सिंह, अमरजीत सिंह आहूजा, शाला प्राचार्य शशि रजक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनेकृविवि में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार वितरण

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में पंजीकृत क्षय रोगियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने हेतु पौष्टिक आहार वितरण का कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रजाचौक के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में पंजीकृत 10 क्षय रोगियों को चिन्हित कर उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यकम क्षय रोगियों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे, अतः इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलते रहना चाहिए।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु एवं संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि इस कार्यकम में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पौष्टिक आहार से भरपूर फूड बास्केट तैयार की गई है। जिसे विभाग में तैयार हो रहे रागी कुकीज, बाजरा कुकीज, रागी आंटा,गेहू का आंटा, मूंग दाल, मूंग फली, भुना चना, राजगीर के लड्डू, आदि रखे गये, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत ही फायदेमंद है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग डॉ. एस. एस. शुक्ला ने बताया कि जनेकृविवि में 2017 से पौष्टिक आहार वितरण कार्यकम वि.वि के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिसमें 2017 से अभी तक 45 क्षय रोगी स्वस्थ हो चुके है। कार्यकम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा एवं आयोजनकर्ता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी.बी. शर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में वैज्ञानिक एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया।




## पम्पिंग आयरन हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक

**जबलपुर।** पीएसएम प्रेक्षा भवन में 28 जनवरी को जिला कार्पोरेशन स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें पम्पिंग आयरन हेल्थ क्लब के यशवंत सोनकर 14 वर्ष ने (चाइल्ड) वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल किया, इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रद्युम्न सहारे ने गोल्ड, साहित सिंह ने रजत, सीनियर वर्ग में दर्शन बंशकार ने गोल्ड, मास्टर एवं डिसेबल में प्रभात जाट ने दो गोल्ड, नीलकमल बंशकार ने रजत, महिला वर्ग में सान्या सिंघई जैन ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। आर्यन तिवारी, अश्वनी बंशकार का भी प्रदर्शन शानदार रहा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाकोशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्र, ऋषि राज विज, रोमित सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, सुनीता पंच आदि ने बधाई दी।

## रोचक खबरें

### सौरमंडल में अस्थिरता, ग्रह को हिलाने आ रहे ब्लैक होल


**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में रुचि रखने वालों ने ब्लैक होल का नाम तो जरूर सुना होगा। ये अंतरिक्ष की वो जगहें हैं, जिनके बारे में अभी तक कुछ भी पता नहीं है। ऐसा कहा जाता है कि इनके बीच से कोई भी वस्तु नहीं गुजर सकती यहां तक की रोशनी भी नहीं।



अब अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अध्ययन किया है, जिससे उनकी चिंता काफी बढ़ गई है. अध्ययन में कहा गया है कि कुछ छोटे ब्लैक होल, जो ब्रह्मांड की शुरुआत से ही बन रहे हैं, पृथ्वी और सौर मंडल के अन्य ग्रहों की कक्षा को अस्थिर कर सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर यह अनुमान सही साबित होता है और ब्लैक होल सौर मंडल के पड़ोस से होकर गुजरते हैं तो इसका ग्रहों और उनके उपग्रहों की कक्षाओं पर बड़ा असर होगा। वे अपनी इच्छित कक्षा से डगमगा सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि ये ब्लैक होल हर दस साल में सौर मंडल से होकर गुजरेंगे। यह साधारण तथ्य कि ब्लैक होल मौजूद हैं और ब्रह्मांड की विशालता में छिपे हुए हैं, मन में बेचैनी पैदा करने के लिए पर्याप्त है। इसके घटित होने के संभावित परिणाम और भी अधिक चिंता पैदा करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर ये रहस्यमयी ब्रह्मांडीय पिंड वास्तव में मौजूद हैं और अगर ये सौर मंडल के करीब आते हैं, तो ये सभी ग्रहों और उपग्रहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### अंतरिक्ष की घटना, शुक्र ग्रह से निकली खतरनाक लाइट

**नई दिल्ली।** शुक्र ग्रह पर टॉर्च जैसी रोशनी देखी गई! सौरमंडल के सबसे चमकीले ग्रह से हरे रंग की रोशनी निकलती देखी गई है। एक फोटोग्राफर ने इसे कैप्चर किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते ही यह फोटो वायरल हो गया। वैज्ञानिकों ने इसके रहस्य को सुलझाते हुए बताया है कि



आखिर यह रोशनी कहां से आई थी। स्वीडन में एक फोटोग्राफर ने अंतरिक्ष की एक अद्भुत घटना को कैप्चर किया है। पीटर रोजन नामक शख्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो खगोल घटनाओं में रुचि रखने वालों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। पीटर का कहना है कि यह टॉर्च जैसा फ्लैश शुक्र ग्रह से निकल रहा है। घटना के बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि स्वीडन की राजधानी में ठंडे वातावरण और हवा के तापमान में असामान्य रूप से तेज गिरावट ने एक प्रिज्म की तरह काम किया। इससे शुक्र ग्रह से निकलती रोशनी को हरे रंग में बदल दिया। इस घटना को ग्रीन फ्लैश कहते हैं। यह अक्सर सुमद्रों के ऊपर भी देखी जाती है। जब सूरज क्षितिज के पास होता है, और वातावरण एकदम साफ और शांत होता है, तो ऐसी घटना देखने को मिलती है। ऐसा पहली बार नहीं है जब ग्रीन फ्लैश शुक्र पर देखा गया हो। हां लेकिन, मिस्टर रोजन का वीडियो इसमें सबसे ज्यादा खास और रोमांचित करने वाला है। यह फ्लैश लगभग एक सेकंड तक जला, इमेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फिजिक्स की भाषा में समझें तो रिफरेक्शन उस घटना को कहते हैं जब एक वेव एक मीडियम से दूसरे मीडियम में होकर गुजरती है।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# आईजीसीएमआईएल ने गिफ्ट सिटी में किया पहला लेनदेन

**गांधीनगर।** इंडियन ऑयल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आईओसी ग्लोबल कैपिटल मैनेजमेंट आईएफएससी लिमिटेड (आईजीसीएमआईएल) ने आज गिफ्ट सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर में अपना पहला लेनदेन किया। इंडियनऑयल के मौजूदा ईसीबी (बाह्य व्यावसायिक कर्ज) ऋण को पुनर्वित्त करने के लिए डीबीएस बैंक सिंगापुर से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि के ऋण संबंधित टर्मशीट पर रुचिर अग्रवाल, निदेशक (आईजीसीएमआईएल) और विकास ओम सहाय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डीबीएस बैंक द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह लेनदेन भारत में विदेशी पूंजी लाने और भारतीय बैंकिंग उद्योग की



बैंडविड्थ विस्तार के आईएफएससी गिफ्ट सिटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ.हसमुख अधिया, अध्यक्ष, गिफ्ट सिटी, श्रीकांत माधव वैद्य, अध्यक्ष, इंडियन ऑयल, अनुज जैन, निदेशक (वित्त), इंडियन ऑयल, संजय कौशल, अध्यक्ष, आईजीसीएमआईएल और कार्यकारी निदेशक (वित्त), कॉर्पोरेट कार्यालय और इंडियन ऑयल के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे। इस उपलब्धि की सराहना करते हुए, श्री वैद्य ने कहा, "आईजीसीएमआईएल'' के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हमारे विदेशी निवेशों में अधिक सुसंगतता और नियंत्रण लाना, हमारे वित्तीय संचालन को अनुकूलित करना और हमारे वैश्विक पदचिह्न को बढ़ाना है। नवीकरणीय परियोजनाओं सहित इंडियनऑयल की व्यापक पूंजी व्यय योजनाओं के लिए विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए आईजीसीएमआईएल एक मंच प्रदान करेगा। आईजीसीएमआईएल जो वेंचर शुरू करेगा उनमें जहाज अधिग्रहण, वित्तपोषण और लीज के क्षेत्र प्रमुख है; इन क्षेत्रों में वेंचर द्वारा, हमारा लक्ष्य हमारी कंपनी को भू-राजनीतिक गतिशीलता की अप्रत्याशितता से बचाना है, जिससे हमारी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला लंबी अवधि के लिए सुरक्षित हो सके।

# मोहन यादव बने नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक के स्वतंत्र निदेशक

**गुवाहाटी।** नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक (एनईएसएफबी) को अपने बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्रीमोहन यादव की नियुक्ति की है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में 29 वर्षों सहित बैंकिंग क्षेत्र में 36 वर्षों के व्यापक अनुभव वाले अनुभवी श्री यादव, एनईएसएफबी के लिए ज्ञान लेकर आते हैं। आरबीआई में अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के दौरान, श्री यादव ने विनियमन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक सहित विभिन्न क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी विशेषज्ञता पर्यवेक्षण, विनियमन, ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में फैली हुई है। श्री यादव ने निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व और लाइसेंसिंग, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में विलय और अधिग्रहण, कमजोर बैंकों के पुनर्निर्माण और शासन-संबंधी मामलों सहित प्रमुख पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत सरकार के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण और विनिवेश पर चर्चा का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने आरबीआई कार्यकाल से पहले, श्री यादव ने क्रेडिट और वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ 7 वर्षों तक काम किया। बैंकिंग में उनका व्यापक और अद्वितीय अनुभव एक अमूल्य संपत्ति है जो निःसंदेह बैंक के सतत विकास और प्रभावी कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाओं के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम करेगा।

## केआईआईटी प्लेसमेंट 2023

# छात्रों को रु. 63 लाख नौकरी की पेशकश औसत वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि

**भुवनेश्वर।** केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ने स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम), स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट (केएसआरएम), स्कूल के लगभग 5000 योग्य छात्रों के लिए 750 से अधिक कंपनियों से 6200 जॉब ऑफर के साथ एक बार फिर शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है। जैव प्रौद्योगिकी (केएसबीटी), और स्कूल ऑफ लॉ (केएलएस), 2023 स्नातक बैच के लिए



कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में औसत वेतन पैकेज में भी महत्वपूर्ण उछाल देखा गया। इस साल औसत सीटीसी रु.8.2 लाख को पार कर गई है, जबकि उच्चतम रु. 63 लाख, जिससे कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन के मामले में केआईआईटी को शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों की लीग में रखा गया।

प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा स्थापित केआईआईटी 1997 में उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में आकार लिया। तब से, यह व्यापक आर्थिक और नौकरी बाजार परिदृश्यों के बावजूद, सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगभग पूर्ण प्लेसमेंट दर्ज कर रहा है। 2004 में भारत सरकार द्वारा इसे डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किये जाने के बाद, केआईआईटी ने देश में व्यावसायिक शिक्षा को फिर से परिभाषित किया है और शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान आउटपुट को बढ़ाने में मानक स्थापित किए हैं।

# विशालकाय सनफिश, एक बार में देती है 30 करोड़ अंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाशिंगटन

एक विशालकाय सनफिश को कैलिफोर्निया की लगुना बीच पर एक पैडलबोर्डर्स ने तैरते हुए देखा है। उन्होंने इसे सबसे बड़ी सनफिश में से एक बताया और कहा कि पानी में डूबने से पहले वही 30 मिनट तक उनके साथ रही। मछली की सटीक लंबाई का पता नहीं चला है, लेकिन पैडलबोर्ड की लंबाई 14 फीट है।मादा सनफिश एक बार में 300 मिलियन (30 करोड़) अंडे तक दे सकती है, किसी भी ज्ञात कशेरुकी प्रजातियों में यह सबसे अधिक संख्या है। बड़ी होने पर सनफिश अपनी चौंका देने वाली आंखों, विशालकाय सिर और लंबे पंख के लिए जानी जाती है, जिसे कभी-कभी पानी की सतह पर तैरते समय शार्क समझ लिया जाता है।



### 10 फीट लंबी, 2,300 किलो वजन

इसलिए तस्वीरों से लगाए गए अनुमान के अनुसार सनफिश के 9 से 10 फीट लंबे होने की संभावना है। अगर अनुमानित लंबाई सही है तो यह अब तक की सबसे भारी बोनी फिश से ज्यादा लंबी है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार 1996 में जापान के तट से एक बंप-हेड सनफिश को पकड़ा गया था, जिसकी लंबाई 8.9 फीट थी और वजन 2,300 किलोग्राम था। हालांकि लगुना बीच की सनफिश उतनी लंबी नहीं है, जितनी उत्तरी अफ्रीका के तट पर पकड़ी गई एक जंबो साइज फिश थी।

मैदानों में रहता है और पौधों को खाकर जिंदा रहता है

# सिक्किम में पहली बार दिखा लंबे-लंबे बालों वाला अद्भुत दुर्लभ भूरा भालू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सामान्य रूप से हम सभी ने भालू को अपने काले रंग में देखा होगा, जिसके शरीर पर लंबे-लंबे बाल होते हैं लेकिन भारत में पहली बार तब्बिती भूरा भालू नजर आया है। सिक्किम वन विभाग के कैमरों ने सिक्कमि के पहाड़ी इलाकों में दुर्लभ प्रजाति के भालू की तस्वीर कैद की हैं। अधकिारियों ने बताया कि ये कैमरे मंगन जिले के हाई एल्टीट्यूड वाले इलाके पुचुंग लछेन्पा में लगाए गए थे और दिसंबर 2023 में रात के वक्त इसमें भालू को रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी हिमालय, काराकोरम, हिंदू कुश, पामीर, पश्चिमी कुनलुन शान और दक्षिणी एशिया में तियान शान पर्वतमाला पर इनकी अच्छी खासी संख्या है।



### भूरे भालू बेहद दुर्लभ

भारतीय वन सेवा के अधिकारी ने भूरे भालू को बेहद दुर्लभ बताकर तस्वीर शेयर की। अफसर ने लिखा, आप दुर्लभ तिब्बती भूरे भालू की पहली तस्वीर देख रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय वन्य जीवों में एक और उपप्रजाति जुड़ गई है। यानी अभी बहुत सारा भारत घूमना बाकी है।

### काले भालू से इसकी फितरत अलग

यह भालू अपनी शक्ल, आवास और व्यवहार के मामले में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी काले भालू से बहुत अलग है। सर्वाहारी उच्च ऊंचाई वाले अल्पाइन जंगलों, घास के मैदानों और 4000 मीटर से ऊपर के मैदानों में रहता है और पौधों को खाकर जिंदा रहता है।

### नीले भालू के रूप में पहचाना जाता है

तिब्बती भूरा भालू, इस तिब्बती नीले भालू के रूप में भी जाना जाता है, दुनिया में भालू की सबसे दुर्लभ उप-प्रजातियों में से एक हैं। इन्हें जंगलों में कभी नहीं देखा गया। भारत में ये पहली बार नजर आया है। हालांकि, नेपाल, भूटान और तिब्बती पठार में कई बार कैप्चर किया जा चुका है।

## रिसर्च

चोट लगने पर कर लेती हैं अपना इलाज, खुद ही बना लेती हैं एंटीबायटिक

# चींटियों में गजब का पाया जाता है हेल्थ केयर सिस्टम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुदरत में बहुत कुछ वैज्ञानिक तरीके से ऐसा होता है, जिसे जानकर आश्चर्य होता है। लेटेस्ट रिसर्च से यह पता चलता है कि चीटियां खुद को लगी चोट को खुद ही ठीक कर लेती हैं और इतना ही नहीं इसके लिए वे खुद ही एंटीबायटिक बना लेती हैं। शोधकर्ताओं ने इस चौंकाने वाली खोज में पाया है कि मेटाबेल चींटियों में एक शानदार उन्नत हेल्थकेयर सिस्टम होता है जो चींटियों में क्या किसी भी जानवर में इससे पहले नहीं देखा जा सका है।



**घायल साथियों को घर ले आती हैं :** यूनिवर्सिटी ऑफ वुर्जबर्गक के विशेषज्ञों का कहना है कि ये चींटियां ना केवल संक्रमित हो चुके घावों की पहचान कर सकती हैं बल्कि इनके इलाज के लिए दवा भी खुद ही बना लेती हैं। रोचक बात यह है कि ये अपनी घायल साथियों वापस अपने घरों पर लाती हैं और उनकी देखभाल करती हैं।


**रोगाणुओं से लड़ने के लिए खास तरीके :** चींटियों सहित कई सामाजिक कीटों में देखने में आया है कि वे रोगाणुओं से लड़ने के लिए खास तरीके इस्तेमाल करते हैं। फिर भी समाजिक कीटों की कॉलोनी में देखभाल कैसे की जाती है और वे संक्रमणों से कैसे निपटा जाता है यह अच्छे से समझा नहीं गया था।

**रेगिस्तान की चींटियों का भोजन दीमक :** सहारा रेगिस्तान में रहने वाली मेटाबेल चींटियों में खास तरह की खुराक होती है, वे दीमक का शिकार कर उनको खाती हैं। शिकार करने दौरान उन्हें कई खतरों का सामना करना होता है। मेटाबेल चींटियों को शिकार करने की वजह से वे कई बार घायल हो जाती हैं।

### चींटी की इंजीनियरिंग इंसानों से बेहतर

चींटी इंसानों के लिए एक हैरान करने वाली जीव हैं। जिस तरह से वे मेहनत करती हैं मिलजुल कर अपने घर बनाती हैं, वह इंजीनियरों तक को प्रेरणा देता है। वे अपने घर या घोंसलों को डिसइन्फेक्ट रखने जैसे कई रोकथाम के उपाय करते हैं। यहां तक कि कई कीटों को तो आइसोलेशन जैसे उपाय भी अपनाते हुए पाया गया है।

## शब्द पहेली - 5411



**बाएँ से दाए**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

### शब्द पहेली- 5410 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | ह्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5421

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5420 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |



## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# सिंप्टंप्स दिखने पर ना करें कैंसर टेस्ट कराने में देरी




**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मेरी फैमिली में कैंसर की हिस्ट्री रही है। मुझे यह बीमारी ना हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-शशिकांत, बिलासपुर**

इस तरह की बीमारी आनुवांशिक नहीं होती है कि परिवार में किसी को हुई है तो दूसरे को होगी ही। इसके बावजूद आप खान-पान पर ध्यान दें। कैंसर संबंधित कुछ सामान्य जांच होती हैं, इन्हें करवा सकते हैं। किसी भी प्रकार के कैंसर जैसे लक्षण दिखने पर जांच कराने में लापरवाही ना बरतें।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरी नाक से पानी निकलता रहता है। इससे बहुत परेशानी महसूस होती है, कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-राजकुमार, रायपुर**

अधिक सर्दी होने से इस तरह की परेशानी काफी लोगों को होती है। इसके लिए आपको सर्दी से बचना होगा। साथ ही अपना खान-पान ऐसा करना होगा, जिससे कम तापमान में भी बॉडी बैलेंस कर सके। इसके लिए अपनी डाइट में गर्म तासीर वाले फूड्स अधिक मात्रा में लें।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे बार-बार यूरीनेशन के लिए जाना पड़ता है। खान-पान और लाइफस्टाइल में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसा क्यों हो रहा है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रकाश, रोहतक**

जिस तरह की समस्या आप बता रहे हैं, वह गर्मी के मुकाबले सर्दियों में काफी लोगों को होती है। आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपको ऐसी समस्या हर बार सर्दियों में होती है? क्योंकि गर्मियों में शरीर से पसीना निकलता है, लेकिन सर्दियों में पसीना नहीं निकलता। इन दिनों कम पानी पीने के बाद भी यूरिनेशन बार-बार जाना आम है। इसके बाद भी कोई संदेह है तो आप जरूर एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे भूख नहीं लगती, थकान होती है, मुंह पर सूजन हो रही हैं। ये किस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, मुझे किस डॉक्टर को दिखाना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-कुलदीप, भोपाल**

जैसा आप बता रहे हैं कि भूख नहीं लगती और थकान भी लग रही है, तो यह कई बीमारी की वजह से हो सकता है, मसलन शरीर में खून की कमी या टीबी होने पर भी ऐसे ही कुछ लक्षण दिखते हैं। बेहतर होगा कि आप किसी जनरल फिजिशियन संपर्क करें। डॉक्टर कुछ टेस्ट करवाएंगे, जिससे पता चलेगा कि कोई बीमारी है या नहीं? कोई बीमारी पता चली तो उसके बाद ही ट्रीटमेंट शुरू हो पाएगा।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मैं यह जानना चाहता हूं कि सर्दियों में किन फलों का ज्यादा सेवन करना चाहिए और किसे अवॉयड करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-रचित,जबलपुर**

सर्दी के मौसम में आपको कफ कोल्ड ज्यादा होता है तो खट्टे फल खाने से बचें। अगर ऐसी समस्या नहीं होती है तो इस मौसम में संतरा, कीनू खाने चाहिए। इसके साथ ही अमरूद, पपीता और अनार भी खाए जा सकते हैं। केला खाने से जरूर बचना चाहिए इससे कफ कोल्ड हो सकता है।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी से बचाव के लिए हीटर का यूज करना चाहता हूं लेकिन मुझे अस्थमा है। कुछ देर में ही घुटन महसूस होने लगती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जितेंद्र, दिल्ली**

आप बता रहे हैं कि आपको अस्थमा है, इसलिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। बाजार में ऑयल वाले हीटर भी उपलब्ध हैं, इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। सीधा हीटर के संपर्क ना आएं। हीटर को कमरे के दूसरे कोने में रखें और आप दूर बैठें। इससे आपको कम परेशानी होगी। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस

### स्पेशलः वर्ल्ड कैंसर-डे, 4 फरवरी

वैसे तो कैंसर होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन गलत फूड हैबिट्स और लाइफस्टाइल संबंधी लापरवाही से कैंसर का रिस्क अब हर उम्र के लोगों में बढ़ने लगा है। वे कौन सी हैबिट्स हैं, जिनसे कैंसर रिस्क बढ़ता है और इससे बचने के लिए आपको किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं कुछ कैंसर स्पेशलिस्ट्स।

# बैड हैबिट्स और लापरवाही से बढ़ सकता है कैंसर का रिस्क







आज के बदलते दौर में हर चीज एडवांस, इफेक्टिव और ईजी टू यूज होती जा रही है, चाहे वो घरों में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक के बोतल में पानी हो, मेयोनीज हो, टी बैग हो, ब्यूटी प्रोडक्ट्स हों या युवाओं में धूम्रपान को लेकर नए प्रयोग हों। लेकिन ऐसे कई बदलाव कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। जानिए आज के बदलते दौर में किन कारणों से कैंसर होने की संभावना अधिक हो रही है।

### फूड आइटम्स-ईटिंग हैबिट्स

घरों में इस्तेमाल होने वाली किस तरह की चीजें, कैंसर के खतरे को बढ़ा रही हैं, इस बारे में पूछने पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. जे.बी. शर्मा** बताते हैं, 'घरों में इस्तेमाल होने वाली ऐसे कई चीजें हैं, जिनसे कैंसर के खतरे की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जैसे- प्लास्टिक की बोतल में रखा पानी पीना खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसमें माइक्रो प्लास्टिक पाए जाते हैं। इस तरह कुछ लोग आजकल प्लास्टिक की थैली में पैक गर्म चाय लेकर पीते हैं, जबकि इसमें भी माइक्रो प्लास्टिक होता है, जिसकी आपके शरीर में जाने की संभावना होती है। वहीं, आजकल टी बैग के इस्तेमाल के कारण भी कैंसर होने की संभावना बनी रहती है। दरअसल, इसमें एपिक्लोरो हाइड्रिन नामक एक रसायन होता है, जो गर्म पानी में घुल जाता है और कैंसर का कारण बन सकता है। इसके अलावा आजकल की टेक्नोलॉजी में जहां आपके लिए चीजें आसान हो गई हैं, वहीं खतरे भी बढ़ गए हैं, जैसे- यदि आप ओवन में खाना गर्म करके खाते हैं, तो प्लास्टिक के बर्तनों आदि का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि प्लास्टिक को गर्म करने पर इसमें से एंडोक्रिन डिस्ट्रक्टिंग नामक खतरनाक केमिकल निकलता है, जो खाने के साथ घुलकर शरीर में चला जाता है और कैंसर की आशंका को बढ़ाता है। इसके अलावा लोग घरों में खाना नॉनस्टिक बर्तन में पकाते हैं। अगर उसमें खाना जल जाए तो कभी ना खाएं, क्योंकि इसमें एक्रिलामाइड नामक केमिकल बनने लगता है, जो कैंसर का कारण बनता है। वहीं, मोमोज जैसे खाने पीने की चीजों में इस्तेमाल होने वाला वाइट कलर का मेयोनीज आजकल खूब पसंद किया जा रहा है, मगर इसमें मौजूद फूड एडिटिव्स की वजह से आपको कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही पिज्जा, बर्गर, हॉट डॉग, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, सॉसेज, पैकेज्ड फूड्स, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और अधिक मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से आपको कैंसर होने का ज्यादा खतरा होता है।'



### ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज

महिलाओं और पुरुषों के द्वारा यूज किए जाने वाले कई लो क्वालिटी के ब्यूटी प्रोडक्ट्स कैंसर से संबंधित खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. राजित चानना** बताते हैं, 'आजकल बालों को सिल्की करने के लिए कई प्रकार के केमिकल युक्त उत्पादों का प्रयोग किया जाता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड और फॉर्मेल्डिहाइड-रिलीजिंग रसायन होते हैं। हालांकि इनपर एफडीए का प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन इस प्रकार के लो क्वालिटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। बालों को सीधा करने वाले इस प्रकार के कुछ उत्पादों के प्रयोग से अल्पकालीन और दीर्घकालीन गंभीर समस्याएं होने की संभावना बनी रहती है। फॉर्मेल्डिहाइड धुएं के संपर्क में आने से आंख, नाक और गले में जलन हो सकती है। साथ ही श्वसन समस्याएं भी हो सकती है। आगे चलकर कैंसर का भी जोखिम बढ़ जाता है। इसको लेकर 2022 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा अध्ययन से भी कई संकेत मिलते हैं, जिनमें इन रसायनों के धुएं से महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की अधिक संभावना को बताया गया है। इसलिए रोजमर्रा के उत्पादों में कार्सिनोजेनिक एजेंटों को पहचान कर उनका प्रयोग ना करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी से आप संभावित कैंसर की समस्याओं से बच सकते हैं। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि आप सुरक्षित हेयर प्रोडक्ट्स की पहचान करके उन्हीं का प्रयोग करें।'

### न्यू स्मोकिंग हैबिट्स

यंगस्टर्स में स्मोकिंग और इसके अलग-अलग तरह के नए शौक से कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. रणदीप सिंह** बताते हैं, 'स्मोकिंग और शराब का सेवन कैंसर कारक तो है ही। इसके साथ-साथ आजकल सिगरेट की लत छुड़ाने के लिए मार्केट में आई ई-सिगरेट, जो युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय हो रही है, भी कैंसर के खतरे को तेजी से बढ़ा रही है। इसमें प्रयोग होने वाले केमिकल काफी खतरनाक होते हैं, जैसे- निकोटिन, फॉर्मेल्डिहाइड, टिन, निकिल, कॉपर, लेड, क्रोमियम, आर्सेनिक और डाई एसेटाइल मेटल जैसे पदार्थ क्वाइल में मिले होते हैं। दरअसल, ई-सिगरेट के वेपर को गर्म करने के लिए क्वाइल का इस्तेमाल होता है और इनसे लंग्स कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ा है। साथ ही युवा वर्ग में फ्लेवर्ड हुक्का पीने का भी चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें कई खतरनाक केमिकल मिलकर फ्लेवर बनाए जाते हैं। याद रखें कि चाहे ई सिगरेट हो या फिर फ्लेवर्ड हुक्का, दोनों में खतरनाक केमिकल डाई एसिटाइल मिला होता है, जो आपकी सेहत के लिए घातक है। इनमें कुछ अन्य प्रकार के हानिकारक केमिकल भी हैं, जैसे-कार्बन मोनोऑक्साइड, कैडमियम, अमोनिया, रेडॉन (खतरनाक न्यूक्लियर गैस), मिथेन, चारकोल, एसिटोन आदि। ये केमिकल्स कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं।'



यहां बताई गई बातों से साबित होता है कि कैंसर से बचाव के लिए आपको अपनी डेली लाइफस्टाइल और फूड हैबिट्स पर ध्यान देना होगा। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### भविष्य में बढ़ सकते हैं कैंसर के मामले

**वर्ल्ड कैंसर** रिसर्च फंड इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 में दुनिया भर में 18.1 मिलियन कैंसर के मामले थे। इनमें से 9.3 मिलियन मामले पुरुषों में और 8.8 मिलियन महिलाएं थीं। वहीं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। *

## अवेयरनेस

**शिखर चंद जैन**

न्यूट्रीशन से जुड़े बहुत से ऐसे मिथ प्रचलित हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं होता है। इसलिए ऐसे मिथ्स और उनके फैक्ट के बारे में जरूर पता होना चाहिए।

# न्यूट्रीशन से जुड़े मिथ-फैक्ट कितने सच-कितने झूठ







आधी-अधूरी जानकारी के कारण आम लोगों में न्यूट्रीशन से जुड़े कई भ्रम फैले हुए हैं। दुनिया भर के हेल्थ एक्सपर्ट्स शोध और अध्ययनों के माध्यम से कई भ्रमों को दूर करते हुए उनकी वास्तविकता बताते रहते हैं।

**प्लांट प्रोटीन संपूर्ण नहीं :** अकसर शाकाहारियों को भ्रम होता है कि प्लांट बेस्ड फूड से शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन की आपूर्ति नहीं हो पाती। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के न्यूट्रीशन साइंटिस्ट और मेडिकल मेडिसिन प्रोफेसर क्रिस्टोफर गार्डनर के अनुसार, 'यह एक मिथ है कि प्लांट्स में कुछ अमीनो एसिड होते ही नहीं। सच यह है कि सभी प्लांट बेस्ड फूड्स में सभी 20 प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं। हां, इतना सा फर्क जरूर होता है कि एनिमल बेस्ड फूड की तरह इनमें अमीनो अम्लों का अनुपात आइडियल नहीं होता।'

**सोया फूड से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्कः** सोया में प्लांट एस्ट्रोजेंस की हाई डोज होती है, जिसका नाम आइसोफ्लेवोंस है। जानवरों पर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि इनके कारण उनमें ब्रेस्ट ट्यूमर सेल स्टिम्युलेट होती हैं। हार्वर्डटी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट के प्रमुख फ्रैंक बी हू बताते हैं, 'मनुष्यों पर किए गए अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं पाया गया। इसकी बजाय यह जरूर पाया गया है कि सोया बेस्ड फूड और ड्रिंक, ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क से सुरक्षा देते हैं और इन बीमारी के प्रति लाभकारी होते हैं। सोया फूड्स लाभकारी पोषक तत्वों के पावर हाउस होते हैं, हार्ट डिजीज का जोखिम भी कम करते हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं।'

**बच्चों को मूंगफली ना खिलाएंः** बरसों से माता-पिता को सलाह दी जाती रही है कि बच्चों को कम उम्र में मूंगफली ना खिलाएं। लेकिन एलर्जी एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर बच्चों को कोई फूड एलर्जी, एक्जिमा आदि नहीं है तो मूंगफली खिला सकते हैं। शुरुआत पीनट बटर, पीनट पफ आदि से की जा सकती है। छोटे बच्चों को पानी एब्रेस्ट मिल्क या फॉर्मूला मिल्क में पीनट बटर मिलाकर हफ्ते में एक-दो बार दे सकते हैं। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर फूड एलर्जी एंड अस्थमा रिसर्च की निदेशक रुचि गुप्ता कहती हैं, 'बच्चे को एक्जिमा या कोई अन्य समस्या है तो चिकित्सक की सलाह लें। बच्चों को पहले साल में डायवर्स डाइट देकर फूड एलर्जी से बचाया जा सकता है।'

**डेयरी मिल्क से अच्छा प्लांट मिल्कः** अरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की सस्टेनेबल फूड सिस्टम की प्रोफेसर कैथरीन मेरीगन कहती हैं, 'गाय के दूध के एक कप में 8 ग्राम प्रोटीन होता है, जबकि आलमंड मिल्क में मात्र एक-दो ग्राम और ओट मिल्क में मात्र दो-तीन ग्राम ही प्रोटीन होता है। इतना ही नहीं रेडीमेड प्लांट मिल्क में कई चीज ऐसी मिलाई जाती हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होती हैं।'

**आलू नुकसानदायक हैः** आलू को कई लोग सेहत के लिए बुरा बताते हैं। इसकी वजह है इसका हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स यानी इसमें शीघ्र पाचन होने वाले कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकते हैं। वैसे तो दुनिया की हर चीज किसी के लिए फायदेमंद और किसी के लिए नुकसानदायक हो सकती है। लेकिन आलू के सेवन से हेल्थ को कई लाभ भी मिलते हैं। यह कहना है जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ और रिसर्चर डेफिन ऑल्टेमा जॉनसन का। वे आगे बताते हैं, 'आलू में विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर्स के साथ-साथ कई पोषक तत्व होते हैं। विशेष रूप से छिलका समेत इन्हें खाने से काफी लाभदायक होते हैं। हां, इन्हें तलने की बजाय भून कर, बेक करऔर उबालकर खाएं।' *

## प्रिकॉशन

# मेनीक्योर हो सकता है हार्मफुल





आज के दौर में महिलाएं ही नहीं, कई पुरुष भी अपने हाथों का सौंदर्य निखारने के लिए मेनीक्योर करवाने लगे हैं। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे काफी नुकसान भी हो सकता है। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. हर्बर्ट पी. गुडहर्ट और कोलंबिया यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के डॉ. हैंड्रिक उइटेंडेल ने मेनीक्योर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया है।

मेनीक्योर के पहले चरण में क्यूटिकल्स हटाए जाते हैं। इसके लिए कभी-कभी ऐसे सॉफ्टनर का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें तेज बेस नेचर के केमिकल्स होते हैं। इससे स्किन की प्रोटेक्टिंग लेयर किरेटिन नष्ट हो जाती है। क्यूटिकल्स हटाने से अंगुली के उस हिस्से में जलन और आस-पास स्थित ऊतकों (टिश्यूज) में इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी यह इंफेक्शन फैलकर नाखूनों की जड़ तक पहुंच जाता है और नाखून सदा के लिए खराब हो सकते हैं। फ्रेंच मेनीक्योर के तहत वुडन पिक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भी इंफेक्शन हो सकता है। कुछ कॉस्मेटिक्स में प्वाइजनस एलर्जीकारक तत्व पाए जाते हैं, जिनमें टॉल्यूइन, फैटालेट्स, कैंफर और फॉर्मेल्डिहाइड शामिल हैं। इन तत्वों से युक्त नेल पॉलिश लगे नाखूनों वाली अंगुली को स्पर्श करके कोई आंखों को छूता या खुजलाता है, तो आंखों के आस-पास की स्किन चर्मरोग से प्रभावित हो सकती है। कई बार आटा गूंधने, सब्जी काटने, खाने आदि के कारण ये टॉक्सिक पदार्थ खाद्य सामग्री के माध्यम से पेट तक भी पहुंच जाते हैं।

अकसर महिलाएं अपने लंबे नाखूनों को टूटने से बचाने के लिए फाइबरयुक्त 'नेल हार्डनर्स' का प्रयोग करती हैं। इनपर डिजाइंस या नेल आर्ट चिपकाने के लिए 'एक्रिलिक ग्लू' का इस्तेमाल करती हैं। चिपकाने वाले पदार्थ एक्रिलिक ग्लू और नेल हार्डनर से एलर्जी होने की संभावना के साथ-साथ नेचुरल नेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। डॉ. गुडहर्ट और डॉ. हैंड्रिक के अनुसार नाखूनों को उनके कुदरती रूप में ही रहने देना चाहिए। *

**-अंजू जैन**



# ईपीएल : आर्सेनल जीता, एदेबायो ने महज 18वें सेकंड में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग फुटबॉल ने संक्षिप्त शीतकालीन ब्रेक के बाद जोरदार वापसी की जब मंगलवार को हुए मुकाबलों में एक टीम ने सिर्फ 18 सेंकंड जबकि दूसरी टीम ने सिर्फ 21 सेकंड बाद गोल दागा। आर्सेनल भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसने शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे। नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है। लिवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है।




## एलिजा ने दागा हैट्रिक गोल

*मंगलवार को कुल पांच मुकाबले हुए जिसमें 16 गोल दागे गए। लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया। टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन के खतरे से बाहर आ गई है। एदेबायो ने पहला गोल 18 सेकंड के बाद दागा। उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि बेन ब्रेरेटन डियाज ने 21 सेकंड बाद गोल दागा लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। फुलहम ने एवर्टन से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।*




## अफ्रीका ने मोरक्को को 2-0 से हराया



***अबिदजान।*** *दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां प्री क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एविडेंस माकगोपा (57वें मिनट) और तेबोहो मोकोएना (90 प्लस पांच मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को इस मुकाबले में विंगर हकीम जियेच और सोफियान बोफाल के बिना उतरा था। ये दोनों जाम्बिया के खिलाफ जीत के दौरान चोटिल हो गए थे।*

## खबर संक्षेप

### भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर



**नई दिल्ली।** देश में खेलों और खिलाड़ियों को सरकार की ओर से दी जा रही मदद को अभूतपूर्व बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश की युवाशक्ति को कौशल और रोजगार से जोड़ने के लिए खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के प्रथम दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा, 'हम खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को अभूतपूर्व मदद दी है। आज भारत एक बहुत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।'

### खुशी ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त



**कोलकाता।** खुशी खानिजाऊ ने बुधवार को यहां अंतिम होल में बर्डी के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद एकल बढ़त बना ली। खुशी ने आठवें, 10वें और 18वें होल में तीन बर्डी की लेकिन पांचवें और 12वें होल में दो बोगी भी कर गई जिससे पहले दौर के बाद उनका स्कोर एक अंडर 69 रहा। वह पहले दौर में अंडर पार का स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। अनुभवी अमनदीप द्राल 16 होल के बाद चार अंडर के स्कोर से सबसे आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद 17वें होल में उन्होंने ट्रिपल बोगी की और 18वें होल में भी बोगी कर गई।

## क्रिकेट : विशाखापट्टनम के स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड 2-0

# इंग्लैंड के 'बैजबॉल' की निकलेगी हवा, भारत करेगा तगड़ा पलटवार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट क्रिकेट शानदार रहा है। ऐसे में टीम इंडिया के बेमिसाल आंकड़ें देख विरोधी टीम में खलबली मच गई है। दरअसल, विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने इस मैदान पर कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें दोनों में जीत मिली है।

साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने इस मैदान पर टेस्ट खेला था, जिसमें विराट कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया को 246 रन से जीत मिली थी। इस मैच में विराट कोहली ने बल्ले से तबाही मचाते हुए पहली पारी में 167 रन औकर दूसरी पारी में 87 रन बनाए थे। आर अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए थे। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से ये मैदान भारत के लिए बेहद ही यादगार है। इसके बाद साल 2019 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका को भारत ने 203 रन से पटखनी दी थी। मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जमाया था, जबकि रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 रन बनाए थे। अश्विन ने 7 विकेट दर्ज किए थे।



### भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना 'मुश्किल' विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गयी है। अनुभवी विराट कोहली पहले ही श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। इन परिस्थितियों में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से ही टीम का हिस्सा है।

# लखनऊ, टाटा, रेलवे कोलकाता ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

एनसीओई लखनऊ ने कड़े संघर्ष में जीएसटी चेन्नई को 2-0 से एवं दूसरे एकतरफा खेले गये मैच में नचल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 6-1 से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड प्रवेश कर लिया है। आज के अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेल्वे कोलकता ने हॉकी महाराष्ट्र को 5-2 गोल से आसानी से पराजित कर दिया।

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए पहले रोमांचक मैच में एनसीओई लखनऊ बनाम जीएसटी चेन्नई मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थीं। दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में लखनऊ के दीपक पटेल ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

**मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल**

D.No. 653/30-1-24

**// इश्तेहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद नौशाद अंसारी आ० मोहम्मद इसराईल निवासी- बी-50, स्टॉफ कालोनी, वार्ड क. 01 बिजुरी जिला अनूपपुर द्वारा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन नूरी मस्जिद माईनस कालोनी वार्ड क्र. 04 बिजुरी जिला अनूपपुर, खसरा न. 658/10/ख (S) रकबा 0.0430 हैक्टेयर (4628.481 वर्गफिट) मय पाँच दुकानात के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके पंजीयन की कार्यवाही कार्यालय वक्फ बोर्ड में चल रही है।

अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के साथ कार्यालय, म.प्र. वक्फ बोर्ड भोपाल में प्रस्तुत करें। निर्धारित उक्त अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन नूरी मस्जिद माईनस कालोनी वार्ड क्र. 04 बिजुरी जिला अनूपपुर, खसरा न. 658/10/ ख (S) रकबा 0.0430 हैक्टेयर (4628.481 वर्गफिट) मय पाँच दुकानात पंजीयन कर लिया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र. वक्फ बोर्ड भोपाल

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट**

क्रमांक/जि.चि.बा./निविदा/2024/3787 बालाघदिनांक 29/01/2024

**शुद्दी पत्र आदेश**

इस कार्यालय के पत्र क्र./ जि.चि. बा. / निविदा/2024/3608 बालाघाट दिनॉक 12.01.2024 के द्वारा टेडर आमंत्रण किया गया जिसे ई-टेडर मध्यप्रदेश पोर्टल पर 2024_DHS_326796_1 दिनॉक 16 जनवरी 2024 को प्रसारित किया गया। टेडर समीति द्वारा विचार विमर्श उपरांत कपडे धुलाई कार्य हेतु प्रसारित शर्तो मे सेक्शन क्र 05 के बिन्दु क्र 03 को विलोपित किया जाता हैं, व बाकी शर्ते पूर्वव्त ही रहेगी। टेडर निविदाओ की हार्डकापी की दिनॉक को 07.02.2024 के स्थान पर 14.02.2024 को जमा किया जावेगा, व दिनॉक 08.02.2024 के स्थान पर दिनॉक 16.02.2024 को टेडर अधोहस्ताक्षकर्ता कक्ष मे समस्त कमेटी सदस्य व टेडरकर्ता की उपस्थिति मे दोपहर 12 :00 बजे खोले जावेगे।

उचित आदेशानार्थ सादर प्रस्तुत।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट

G-23591/23

# एशियाई क्रिकेट में फिर भारत का दबदबा, शाह बने अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया।

शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया। शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे।

उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। शाह के नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी20 प्रारूप और 2023 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया। शाह ने कहा, 'मैं एसीसी बोर्ड का मुझ पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभारी हूं। हमें खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के साथ उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अब भी अपनी शुरुआती अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।'



## लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना




एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान घुटने में लगी चोट से पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं जिससे पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।


उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया। घुटने के आसपास चोट लगने से हुई सूजन और दर्द के बावजूद उन्होंने हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 10 ओवर की गेंदबाजी की थी।

# श्रीकांत की थाईलैंड मास्टर्स में शानदार जीत, मंजूनाथ से होगा अगला मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया।

श्रीकांत दूसरे दौर में हमवतन मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे, जिन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया।




एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। समीर वर्मा हालांकि पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 14-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए। मालविका बंसोड़ और अस्मिता चालिहा ने महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। अस्मिता ने वोंग लिंग चिंग को 21-10, 21-16 से शिकस्त दी जबकि मालविका ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को 22-20, 21-8 से हराया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-154/ ई-टेण्डर /न.पा.नि./ 2024 रीवा, दिनांक - 31.01.2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD 329190_1 01/02/2024 (FRIST CALL) | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्र मांक -26, में मो.इस्लाम के घर से सुमन कली साकेत के घर से अरूण सोंधिया के घर तक,नीरज साकेत के घर से हनुमान मंदिर से पोखरी टोला मेन रोड़ तक डब्लू.बी.एम.सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह रू 41.82 लाख | रू 5000.00 रू 31365.00 | 01/03/2024 17:30 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्र.-04,नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा, विद्युत(सामान्य शाखा)
निविदा क्र.:जबल/एल/टी नं.28/2023R
दिनांकः 30.01.2024

मंडल रेल प्रबंधक(विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। निविदा सूचना क्रमांकः जबल/एल/टी नं. 28/2023R, दिनांकः 30.01.2024, कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर मंडल(कटनी, सतना, सागर, दमोह, रीवा, मैहर, न्यू कटनी जंक्शन, ब्यौहारी): 03 वर्षो की अवधि के लिए (2023 से 2025) जबलपुर मंडल की एसी इकाइयों और वाटर कूलरों के लिए वार्षिक चालू रखरखाव अनुबंध।, निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में) : रूपये 38,76,026.40, निविदा फार्म की कीमत (रूपये में): 0.00/-, कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता हैः वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, बयाना राशि रूपयेः 77,500/-, समापन अवधि (माह/वर्ष): 36 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक): 21.02.2024, निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15: 30 बजे तक): 21.02.2024, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**SECTION 1**
**GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH**
**NARMADA VALLEY DEVELOPMENT DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER RANI AVANTI BAI LODHI SAGAR PROJECT BARGI HILLS JABALPUR (M.P.) - 482050**

Phone No. 0761-2672230Fax No.- 0761-2673732 E-mail cerablsp@yahoo.co.in
NIT No. 56/G/CE/2023-24 Dated 18/01/2024

**NOTICE INVITING TENDER (1st CALL)**

Online tenders are invited in Percentage Basis (in Form "A") for following works from registered contractor under centralized registration system with Engineer-in-Chief P.W.D. Bhopal and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No | Work | District(s) | Probable Amount (Rs. in Rs.) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | FOR THE WORK FOR REPAIR AND MAINTENANCE WORK (PREMAN-SOON) OF 21 NO. RADIAL GATE OF SIZE (13.716X 15.450) MTR AT R.A. B.L.S. PROJEVT BARGI NAGAR JABALPUR. | jabalpur | Rs. 8,12,285.00 (Rs. Eight lakh twelve Thousand two hundred eighty five only) | 120 Days. |

1.Detailed of NIT information of the tender can be obtained website https://www.mptenders.gov.in. 2. The tender document can be purchased only online form above website after making online payment using Debit Card or Internet Account. 3. Date of purchase of tender document : 19-01-2024, 17.30 hrs. to 09-02-2024., 17.30 hrs. 4. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

(D.L. Verma) Chief Engineer
Rani Avanti Bai Lodhi Sagar Project,
Bargi Hills, Jabalpur.

G-23599/23

**SECTION 1**
**GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH**
**NARMADA VALLEY DEVELOPMENT DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER RANI AVANTI BAI LODHI SAGAR PROJECT BARGI HILLS JABALPUR (M.P.) - 482050**

Phone No. 0761-2672230Fax No.- 0761-2673732 E-mail cerablsp@yahoo.co.in
NIT No. 57/G/CE/2023-24 Dated 18/01/2024

**NOTICE INVITING TENDER (1st CALL)**

Online tenders are invited in Percentage Basis (in Form "A") for following works from registered contractor under centralized registration system with Engineer-in-Chief P.W.D. Bhopal and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No | Work | District(s) | Probable Amount (Rs. in Rs.) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | WORK FOR REPAIR AND INCREASI-NG WEIGHT OF CROSS REGULATOR GATE OF LEFT BANK MAIN CANAL RD.52.26 KM. OF R.A.B.L.S. PROJECT | jabalpur | Rs. 5,93,433.00 (Rs. Five lakh nunety threeThousand four hundred thirty three only) | 30 Days. |

1.Detailed of NIT information of the tender can be obtained website https://www.mptenders.gov.in. 2. The tender document can be purchased only online form above website after making online payment using Debit Card or Internet Account. 3. Date of purchase of tender document : 19-01-2024, 17.30 hrs. to 09-02-2024., 17.30 hrs. 4. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

(D.L. Verma) Chief Engineer
Rani Avanti Bai Lodhi Sagar Project,
Bargi Hills, Jabalpur.

G-23584/23

# पहले कोर्ट में समय मांगा, नहीं मिला तो बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी गाड़ियों के खिलाफ शुरू किया अभियान

## परिवहन विभाग ने कोर्ट के आदेश पर 15 जनवरी तक 2019 के पहले की सभी गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाने के दिए थे आदेश

**जबलपुर।** परिवहन विभाग ने शहर में 2019 के पहले की गाड़ियों पर हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगी होने पर कार्रवाई का अभियान शुरू कर दिया है। ऐसी गाड़ियों के चालान भी बनाए जा रहे हैं, जबकि कुछ दिनों पहले खुद परिवहन विभाग ने ही कोर्ट में आवेदन करते हुए इस व्यवस्था को अनिवार्य किए जाने से पहले कुछ समय मांगा था।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई पर परिवहन विभाग को आदेश दिया था कि प्रदेश में सभी वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। अप्रैल 2019 से केंद्र के आदेश पर वाहन निर्माता कंपनी और डीलर्स ही नए वाहनों पर नंबर प्लेट लगाकर दे रहे हैं। इससे पहले के वाहनों पर यह प्लेट लगवाने के लिए परिवहन विभाग ने 15 जनवरी तक का समय दिया था, लेकिन प्रदेश में लाखों की संख्या में वाहनों पर




प्लेटें न लगी होने के कारण और इतनी अधिक मात्रा में प्लेटों की सप्लाय भी न हो पाने के कारण पहले बस संचालकों ने इसके विरोध में कोर्ट में याचिका लगाते हुए छह माह का अतिरिक्त समय मांगा था। वहीं बाद में परिवहन विभाग ने भी कोर्ट में अतिरिक्त समय दिए जाने की मांग की थी। लेकिन बताया जा रहा है कि कोर्ट द्वारा इससे इनकार किए जाने के साथ ही परिवहन विभाग को सख्ती के साथ व्यवस्था को लागू करवाने के निर्देश दिए जाने पर परिवहन विभाग अब पूरे प्रदेश में ऐसे वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई का अभियान शुरू कर रहा है। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि विभाग ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में वाहनों की जांच की। इसमें बसों में अतिरिक्त सवारी, बिना परमिट, फिटनेस के वाहनों का संचालन सहित पुराने वाहनों में एचएसआरपी न लगी होने पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, इसलिए कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक वाहनों में परिवहन नियमों के पालन पर ध्यान दें। खासतौर पर वाहनों में एचएसआरपी जरूर लगवाएं।



ऑनलाइन होती थी दलाली, 4 महिलाएं, 5 दलाल गिरफ्तार

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत आस्था आपार्टमेंट में तीसरे फ्लोर पर कथित स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 4 युवतियों और 5 युवकों को संदिग्ध हालत में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक देह व्यापार के इस कारोबार में पकड़े गए दलाल स्पा सेंटर, ऑनलाइन एप पर सप्लाई, होटल्स, अलग-अलग स्थान पर देह व्यापार करवाया करते थे। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मोर्या ने बताया कि मुखबिर से रामपुर चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि कुछ दलाल गौरीघाट क्षेत्र स्थित आस्था अपार्टमेंट में लड़कियों के सप्लाई करने की ऑनलाईन बुकिंग करते हैं फिर उन्हें कुछ होटलों में भेजा जाता है, यहां जिस्म के दलाल उनका दैहिक शोषण करते हैं। इस सूचना पर पुलिस ने आस्था अपार्टमेंट में दबिश दी। यहां सप्लायर लड़कियों को देह व्यापार के लिए ग्राहकों को सुपुर्द करने वालें थे, तभी पुलिस ने रेड मार दी। यहां से पांच युवक और चार महिलाएं संदिग्ध अवस्था में पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार करने के विभिन्न धाराओं के तहत मामला जांच में लिया है।

चोरी के 37 मोबाइल फोन जब्त

# स्टेशन में मोबाइल चोर जीआरपी के हाथ लगा



**जबलपुर।** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेलवे स्टेशन से यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले एक अंतरराज्यजीय गिरोह को पकड़ा है। जिनके कब्जे से लाखों के मोबाइल बरामद किए गए।

इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि विगत दिनों पहले एक युवक द्वारा स्टेशन से मोबाइल चोरी होने की शिकायत जीआरपी थाने में दर्ज करवाई थी। इसी दौरान जीआरपी की टीम को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में एक पुराना आरोपी है नत्थू उर्फ नाथूराम बर्मन निवासी ग्राम शीतलपुर शहपुरा जिला जबलपुर खड़े हुए मिला। जिसे पूर्व में भी मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। जीआरपी पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर कई मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। जीआरपी पुलिस ने आरोपी नत उर्फ नाथूराम बर्मन के साथी 25 वर्षीय बाबूलाल वर्मन निवासी ग्राम शीतलपुर शहपुरा को गिरफ्तार करते हुए कुल 37 नग मोबाइल, लगभग 7 लाख 16 हजार के बरामद करते हुए कार्यवाही की।

# 45 वर्षों में राजस्व मंडल आदेश का पालन नहीं

### हाईकोर्ट में याचिका विचारार्थ स्वीकार, नोटिस जारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश के हाईकोर्ट के न्यायाधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने राजस्व मंडल के आदेश का 45 वर्ष में भी पालन नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए विचारार्थ स्वीकार करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता कटनी निवासी श्याम शर्मा एवं अन्य के द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय को बताया कि ग्राम झुकेही जिला कटनी स्थित भूमि स्वर्गीय बद्री प्रसाद गौर की थी इस संपत्ति पर वर्ष 1960 में सीलिंग अधिनियम के तहत उन्हें (बद्री प्रसाद को) नोटिस जारी किया गया था। वर्ष 1963 में उनका देहांत हो गया। उसके बाद भी 1964 में मृत व्यक्ति के खिलाफ आदेश पारित कर दिया गया। जिसके खिलाफ राजस्व मंडल ग्वालियर में अपील प्रस्तुत की थी ग्वालियर बोर्ड द्वारा 15 जनवरी 83 को उक्त आदेश को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया था और निर्देश दिए गए थे की मृतक व्यक्ति के सभी उत्तराधिकारियों के नाम भूमि में दर्ज कर सुनवाई का अवसर देकर नया आदेश पारित किया जाए, लेकिन इस आदेश का आज तक पालन नहीं किया गया। 45 वर्षों के सफर के दौरान हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमें दायर किए गए। वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने आयुक्त लैंड रिकॉर्ड ग्वालियर को 6 माह के अंदर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कमिश्नर लैंड रिकॉर्ड ने वैवाहिक पुत्री परिवार की भाषा में नहीं आती यह तर्प देकर आवेदन निरस्त कर दिया। याचिका कर्ता की ओर से दिनेश उपाध्याय एडवोकेट उपाध्याय ने तर्प प्रस्तुत किए की सीलिंग अधिनियम की कार्यवाही के दौरान मूल धारक की मृत्यु हो जाने पर हो जाने पर भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। न्यायालय ने कानूनी बिंदु को ध्यान में रखते हुए याचिका को सुनवाई हेतु स्वीकार करते हुए नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240